प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



भाजपा के अगले दो सबसे बड़े लक्ष्य क्या ? पेज- 2

लिंग के अनुसार न करें भेदभाव, सोंच बदलने की जरूरत : डीएम पेज-6



वर्ष : 15 अंक : 107 | बुधवार 08 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया


## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पीएम मोदी का देशवासियों के नाम संदेश, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सभी देशवासियों के उत्तम



स्वास्थ्य की कामना की और सभी से खुद को स्वस्थ रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर उन सभी लोगों के प्रति आभार भी व्यक्त किया जो दूसरों की सेवा में अथक परिश्रम करते हैं और एक स्वस्थ ग्रह की दिशा में काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैं अपने सभी देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे खुद को स्वस्थ रखने के लिए हरसंभव प्रयास करें। मोदी ने स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा, आइए हम सभी मिलकर स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए काम करते रहें। विश्व स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष सात अप्रैल को मनाया जाता है, जो 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की वर्षगांठ का प्रतीक है। इस दिन डब्ल्यूएचओ हर साल विश्व भर के लोगों के लिए चिंता का विषय बने किसी विशेष स्वास्थ्य मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करता है।

## हाईवे पर मौत का तांडव, आमने-सामने की भिड़ंत में 3 की गई जान

(एजेंसी) लखीमपुर खीरी। जिले के भीरा क्षेत्र में लखीमपुर–भीरा राजमार्ग पर 2 मोटरसाइकिलों की जबरदस्त टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भीरा थाना क्षेत्र में लखीमपुर–भीरा राजमार्ग पर मूसेपुर पी. के. इंटर कॉलेज के नजदीक सोमवार रात 2 मोटरसाइकिलों में आमने–सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में अमरीश गौतम (20), तौहीद (20) और अरबाज (16) की मौत हो गई जबकि पवन नामक युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूत्रों ने बताया कि अमरीश और पवन एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मूसेपुर इंटर कॉलेज के मोड़ पर उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर तौहीद और अरबाज की मोटरसाइकिल से हो गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चारों लोगों को स्थानीय निवासी पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए जहां चिकित्सकों ने अमरीश, तौहीद और अरबाज को मृत घोषित कर दिया जबकि पवन को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना में मृत लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

# राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

## कहा- उनकी सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है

(एजेंसी) परगना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया और उनकी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने, वोट–बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने और राज्य को कुशासन तथा भ्रष्टाचार के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, सिंह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर बांट दिया है, जबकि राजनीति इसके बजाय न्याय, मानवता और समानता पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ममता जी, मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूं। राजनीति करें, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति नहीं। राजनीति संतुष्टि की होनी चाहिए, तुष्टीकरण की नहीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, आपने समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर बांटा है। राजनीति जाति या धर्म के आधार पर नहीं होनी चाहिए। राजनीति न्याय और मानवता या न्याय और समानता पर आधारित होनी चाहिए। अवैध आव्रजन के मुद्दे पर भाजपा के हमले को तेज



करते हुए, सिंह ने दावा किया कि बनर्जी घुसपैठ रोकने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को एक राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर देखती हैं। उन्होंने कहा, जहां तकघुसपैठियों की बात है, मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि ममता जी उन्हें रोकना नहीं चाहतीं क्योंकि वह उन्हें अपना वोट बैंक मानती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब वह केंद्रीय गृह मंत्री थे, तब केंद्र ने बीएसएफ द्वारा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार से जमीन मांगी थी, लेकिन इस अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा, श्जब मैं गृह मंत्री था, तो हमने जमीन मांगी थी ताकि बीएसएफ द्वारा सीमा पर बाड़बंदी की जा सके। लेकिन जमीन नहीं दी गई। शायद अब जाकर कुछ जमीन दी गई है। सिंह ने कहा कि अगर कोई उनसे पूछे कि टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) का क्या मतलब है, तो वह कहेंगे कि इसका मतलब टोटल मिसरूल एंड करप्शन (पूरी तरह कुशासन और भ्रष्टाचार) है। बंगाल के दूसरे राज्यों से पिछड़ने का दावा करते हुए सिंह ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में लूट, अपहरण और हत्या की घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में लगातार लूट और हत्या हो रही हैं। ममता जी, आप इस राज्य को कहां ले जाना चाहती हैं? भारत के दूसरे राज्यों की तुलना में आपने बंगाल को पीछे धकेल दिया है। मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और उसके बाद अदालतों की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए, सिंह ने दावा किया कि न्यायिक अधिकारियों को भी नहीं बख्शा गया। उन्होंने कहा, यहां तक कि न्यायिक मजिस्ट्रेटों को भी बंधक बना लिया गया था। आपको भारत या दुनिया के इतिहास में ऐसी सरकार कहीं नहीं मिलेगी। उच्चतम न्यायालय ने खुद कहा था कि यह एक सुनियोजित और जानबूझकर की गई कार्रवाई थी। सिंह ने पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राज्य दौरे के दौरान तृणमूल सरकार द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने संबंधी विवाद की पृष्ठभूमि में आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी की सोच आदिवासियों का अपमान करने वाली, जबकि घुसपैठियों का महिमामंडन करने वाली है। उन्होंने कहा, यहां तक घ्कि भारत की राष्ट्रपति, जो सबसे उच्च संवैधानिक पद पर आसीन हैं, को भी नहीं बख्शा गया। उन्हें वह सम्मान नहीं दिया गया जिसकी वह हकदार हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने एक बार राष्ट्रपति के बारे में बहुत ही अपमानजनक और शर्मनाक टिप्पणी की थी। सिंह ने कहा, मैं उन शब्दों को दोहरा भी नहीं सकता। उन्होंने कहा, पिछले चुनाव में, ममता जी अपनी (नंदीग्राम) सीट से हार गईं। बंगाल के लोगों ने उन्हें चेतावनी दी थी। इस बार, तृणमूल कांग्रेस का पूरे बंगाल से सफाया होने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में उद्योग लाना चाहती है, लोगों की आय बढ़ाना चाहती है और ज्यादा निवेश लाना चाहती है।

# यूपी में छात्रों को लैपटॉप-टैबलेट, शिक्षामित्रों को 18000 मानदेय

## -योगी कैबिनेट ने 22 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

(एजेंसी) लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े सभी 22 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इस बैठक में सबसे बड़ा फैसला प्रदेश के लाखों शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला रहा, जिनका मानदेय लगभग दोगुना करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। इसके साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल क्रांति को विस्तार देते हुए बड़े पैमाने पर लैपटॉप और टैबलेट वितरण का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। लंबे समय से सड़क से सदन तक संघर्ष कर रहे शिक्षामित्रों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। कैबिनेट ने उनके मानदेय को 10,000 रुपये से बढ़ाकर सीधा 18,000 रुपये प्रति माह करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। वहीं, अनुदेशकों का मानदेय भी 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 2 लाख परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को एक अप्रैल से बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा। मई के वेतन में जुड़कर आएगा। स्वामी विवेकानंद युवा



सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार ने अपना अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2026–27 के लिए 25 लाख छात्र–छात्राओं को टैबलेट और करीब डेढ़ लाख मेधावी छात्र–छात्राओं को लैपटॉप देने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए बिड की सेवा–शर्तों और खरीद प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। कैबिनेट ने एक मानवीय फैसला लेते हुए भारत–पाकिस्तान विभाजन के समय आए विस्थापितों और सीएए (नागरिक संशोधन अधिनियम) के तहत पात्र परिवारों को बड़ी राहत दी है। इन परिवारों को अब उनकी काबिज भूमि पर भूमिधर (मालिकाना) अधिकार देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश रेवेन्यू कोड 2006 की धारा 80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को भी स्वीकृति दी गई है। इससे रामपुर में 2174, पीलीभीत में 4000 , खीरी में 2340 और बिजनौर में 3856 परिवार लाभान्वित होंगे। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के सम्बंध में लाए गए प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली है। इसके तहत पहले फेज में पीपीपी मॉडल पर 23 बस अड्डों की एलवाई जारी हो गई थी। आज 49 बस अड्डों की स्वीकृति मिली है। कुल मिलाकर 52 जनपदों को इससे आच्छादित किया जा रहा है। यह पीपीपी मॉडल के बस अड्डे हवाई अड्डे की तर्ज पर होंगे। सुविधाओं को एयरपोर्ट की तर्ज पर दिया जाएगा। इसके अलावा हाथरस (सिकंद्राराऊ), बुलंदशहर (नरौरा) और बलरामपुर (तुलसीपुर) में नए बस स्टेशनों और डिपो के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग की जमीन परिवहन निगम को निरूशुल्क हस्तांतरित की जाएगी।पुल निर्माणरू कन्नौज में गंगा नदी पर च्यवन ऋषि आश्रम के पास पुल बनेगा। कुशीनगर में नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर सेतु निर्माण होगा। परियोजना की कुल लागत 705. 18 करोड़ रुपये है। पुल बनने से बिहार और महराजगंज जाने के लिए 40–50 किमी की दूरी कम हो जाएगी ।औद्योगिक विभाग विभाग के आठ निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसमें छह नए हैं। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश नीति 2022 के तहत बड़े निवेशकों को सब्सिडी और प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्तावों को भी ओके कर दिया गया है, जिससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर मूर्ति विकास योजना को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके तहत जहां–जहां बाबा साहेब की मूर्ति है, वहां पर सुंदरीकरण कराया जाएगा। मूर्तियों पर छत्र लगाया जाएगा। आंबेडकर पार्कों की बाउंड्री बनाई जाएगी। इसमें दस लाख तक का प्रस्ताव पास किया जाएगा। इसके अलावा इसी योजना में वाल्मिकी समेत अन्य सामाजिक न्याय के महापुरुषों की मूर्तियों वाले स्थानों पर भी सुंदरीकरण कराया जाएगा। प्रत्येक विधान सभा में 10 स्मारकों का विकास कराया जाएगा (कुल 403 विधानसभाओं में 4030 स्मारक)। इसके लिए प्रति स्मारक लागत 10 लाख रुपये निर्धारित है, यानी कुल 403 करोड़ रुपये का व्यय संभावित है। उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत मेट्रो विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी मिली है। ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो विश्वविद्यालय की स्थापना के अध्यादेश को मंजूरी दी गई है।

## राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशानाः कहा- बहुजन उद्यमियों को बड़े सरकारी ठेकों से बाहर क्यों रखा जा रहा है

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में पूछे गए प्रश्न और उस पर सरकार के उत्तर का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि बहुजन उद्यमियों को देश के सबसे बड़े सार्वजनिक ठेकों से बाहर क्यों रखा जा रहा है। राहुल ने बीते दो अप्रैल को लोकसभा में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित लिखित प्रश्न पूछे थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट किया, ष्संसद में सरकार से मैंने पूछा कि पिछले वर्ष 16,500 करोड़ रुपये के सार्वजनिक कार्यों के ठेकों में से कितने ठेके दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के व्यवसायियों को मिले? उनका जवाब बेहद चिंताजनक था, उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में कोई डेटा ही नहीं रखती। उन्होंने ने कहा कि नीति के तहत सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया के तहत 25 प्रतिशत खरीद एमएसएमई से होनी चाहिए, जिसमें से चार प्रतिशत खरीद दलित और आदिवासी उद्यमियों से किया जाना निर्धारित है, लेकिन जब बात सबसे बड़े और लाभकारी ठेकों और सार्वजनिक कार्यों की आती है, तो सरकार कहती है कि यह अनिवार्य नहीं है। रायबरेली से लोकसभा सदस्य ने दावा किया, यह केवल एक प्रशासनिक कमी नहीं है। यह मोदी सरकार की



नीतियों के जरिये जानबूझकर बनाई गई बहिष्कार की व्यवस्था है जो सामाजिक और आर्थिक न्याय को कमजोर करती है। राहुल गांधी ने कहा कि सवाल सीधा है कि बहुजन उद्यमियों को देश के सबसे बड़े सार्वजनिक ठेकों से बाहर क्यों रखा जा रहा है? आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने राहुल गांधी के प्रश्न के उत्तर में पिछले पांच साल के दौरान प्रदान किए गए लोक निर्माण और अवसंरचना ठेकों की वर्ष–वार संख्या और मूल्य की सूची उपलब्ध कराई थी। उन्होंने कहा था, अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) से संबंधित व्यक्तियों के स्वामित्व वाले उद्यमों को दिए गए ठेकों के बारे में पता लगाने के लिए फिलाहल कोई तंत्र मौजूद नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने यह सवाल भी किया था कि क्या सरकार ने एससी,एसटी के स्वामित्व वाले व्यवसायों से चार प्रतिशत खरीद के मौजूदा उप–लक्ष्य को पूरा कर लिया है? इसके जवाब में मंत्री ने कहा था, उपर्युक्त सभी ठेके निर्माण ठेकों के अंतर्गत आते हैं। इसलिए, ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह निर्माण ठेकों के लिए अनिवार्य नहीं है।

## कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, 10,888 प्रति बैरल पंहुचा भाव, डब्ल्यूटीआई 116 डॉलर के पार

(एजेंसी) नई दिल्ली। कच्चे तेल का वायदा भाव मंगलवार को 300 रुपये की बढ़त के साथ 10,888 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आपूर्ति को लेकर लगातार चिंताओं एवं पश्चिम एशिया में भू–राजनीतिक तनाव के कारण कीमतों में यह तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंध का भाव 300 रुपये या 2.83 प्रतिशत चढ़कर अपने अब तक के सबसे उच्च स्तर 10,888 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह मई में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत एमसीएक्स पर 170 रुपये या 1. 82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 9,485 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक आपूर्ति के जटिल हालात और ऊर्जा निर्यात के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद यह तेजी आई, क्योंकि व्यापारियों को आपूर्ति में संभावित बाधा और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर चिंता बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मई में आपूर्ति वाले वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल का वायदा भाव 4.14 डॉलर या 3.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 116.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया। वहीं ब्रेंट तेल के जून में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 1.5 प्रतिशत चढ़कर 111.40 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

## बुलडोजर कार्रवाई पर भड़की उमा भारती, ठेले पर पोहा-जलेबी बेचकर रेहड़ी-पटरी वालों का किया समर्थन

(एजेंसी) टीकमगढ़। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने टीकमगढ़ जिले में हाल ही में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका की इस कार्रवाई में गरीब रेहड़ी–पटरी वालों को निशाना बनाया गया, जबकि अमीर लोगों के कथित अतिक्रमणों को जस का तस छोड़ दिया गया। एक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के तौर पर, भारती ने मंगलवार सुबह सिविल लाइन रोड पर एक हाथ–ठेला लगाया और पोहा व जलेबी बेची। उन्होंने उन कई छोटे विक्रेताओं को भी वापस बुलाया, जिन्हें एक दिन पहले ही वहां से हटा दिया गया था, और उन्हें उसी जगह पर अपना कारोबार फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह विरोध प्रदर्शन सोमवार को नगर निकाय और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद हुआ। इस अभियान के दौरान, सड़क किनारे बनी कई दुकानें और हाथ–ठेले हटा दिए गए थे। इस कार्रवाई से कई छोटे व्यापारियों पर असर पड़ा, जिनकी रोजी–रोटी रोज की कमाई पर निर्भर थी। भारती ने यह कार्रवाई शुरू होते ही इसका विरोध किया और इसे अन्यायपूर्ण बताया। मंगलवार सुबह, वह सिविल लाइन रोड स्थित अपने आवास से बाहर निकलीं और सीधे प्रभावित इलाके में पहुंचीं, जहां उन्होंने विक्रेताओं से बातचीत की और उनसे अपने ठेले फिर से लगाने का आग्रह किया। इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए, भारती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि टीकमगढ़ नगर पालिका और स्थानीय विधानसभा क्षेत्र, दोनों में ही इस समय भारतीय जनता पार्टी का कोई प्रतिनिधि नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर भाजपा के नेतृत्व में यह मामला होता, तो शायद इसे अलग तरीके से संभाला जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां गरीब विक्रेताओं के ठेले या तो तोड़ दिए गए या हटा दिए गए, वहीं प्रभावशाली लोगों की इमारतें, जो नियमों का उल्लंघन कर रही थीं, जस की तस बनी रहीं। उन्होंने कहा, सुधार की शुरुआत उन लोगों से होनी चाहिए जो बेहतर स्थिति में हैं, और गरीबों तक यह सबसे आखिर में पहुंचना चाहिए। लेकिन यहां जो हुआ, वह इसके बिल्कुल विपरीत है। भारती, जो पिछले कुछ दिनों से टीकमगढ़ में ही हैं, ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बारे में पता चलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने दावा किया कि जब तक वह वहां पहुंचीं, तब तक विक्रेताओं के ठेले पहले ही तोड़ दिए गए थे और उनका सामान भी क्षतिग्रस्त हो चुका था। उन्होंने इस कार्रवाई को कठोर बताया और कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इसे बिना किसी पूर्व सूचना या पुनर्वास की किसी व्यवस्था के ही अंजाम दिया गया। उनके अनुसार, भाजपा पार्षदों ने पहले एक योजना पर चर्चा की थी, जिसके तहत वैकल्पिक वेंडिंग जोन (बिक्री क्षेत्र) की पहचान की जानी थी, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी थीं, औपचारिक नोटिस जारी किए जाने थे, और फिर विक्रेताओं को एक व्यवस्थित तरीके से दूसरी जगह बसाया जाना था। उन्होंने कहा कि अचानक की गई यह बेदखली उस आपसी समझ के खिलाफ थी, और इससे विक्रेताओं की रोजी–रोटी पर बुरा असर पड़ा है। उनके दखल के बाद, बताया जा रहा है कि नगर प्रशासन ने तोड़–फोड़ की मुहिम रोक दी है।

# सम्पादकीय

## महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश

केंद्र सरकार ने 16, 17 और 18 अप्रैल को सदन की विशेष बैठक बुलाई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विशेष सत्र का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का लाभ दिलाने का संकल्प दोहराया है। उनका यह बयान न केवल महिलाओं के राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने वाला है, बल्कि दक्षिण भारत की बड़ी चिंता को भी दूर करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह हमारी ही सरकार है जिसने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कानून का लाभ 2029 के लोकसभा चुनाव से मिलना शुरू हो जाए, इसके लिए कानून बनाने और मौजूदा प्रावधानों में संशोधन की जरूरत है। इस मौके पर उनका कहना था कि 33 प्रतिशत बहनें संसद में पहुंचें और जनप्रतिनिधि बनें, इसके लिए कानूनी प्रावधान जरूरी है। इसी वजह से संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है, ताकि महिला आरक्षण से जुड़े कानूनों को आगे बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केरल, तमिलनाडु और अन्य दक्षिणी राज्यों के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह झूठ फैला रहे हैं कि जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर काम करने वाले राज्यों की लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। सरकार चाहती है कि संसद में कानून के जरिए यह सुनिश्चित किया जाए कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और तेलंगाना समेत किसी भी राज्य की लोकसभा सीटें कम न हों। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के लिए जो सीटें तय की जाएंगी, वे अतिरिक्त सीटें होंगी। उन्होंने कहा कि इससे खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों को बड़ा लाभ मिलेगा। सरकार चाहती है कि महिला आरक्षण से जुड़े प्रावधान पूरी तरह स्पष्ट और मजबूत हों, ताकि किसी भी राज्य को नुकसान न हो। प्रधानमंत्री ने बताया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं से इस मुद्दे पर बातचीत की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्षी दल इस विषय पर सरकार का साथ देंगे। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे कांग्रेस, एलडीएफ और अन्य दलों पर दबाव बनाएं, ताकि महिलाओं के अधिकार से जुड़ा यह कानून निर्विरोध पारित हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं का यह अधिकार पिछले 40 साल से लटका हुआ है और अब इसे 2029 के चुनाव से आगे नहीं बढ़ने देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि महिला आरक्षण से जुड़ा संशोधन सर्वसम्मति से पारित हो, ताकि 2029 के चुनाव में ही माताओं और बहनों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि यह नारी शक्ति के हित से जुड़ा विषय है और इसमें किसी भी तरह का राजनीतिक हिसाबघकिताब नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी दल खुलकर समर्थन करें और महिलाओं का विश्वास जीतने में भागीदार बनें।



नफीस जाफरी

## नाले से गैस निकालें और आत्मनिर्भर बनें

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक कहा है कि भारत में गैस का या तेल का कोई संकट नहीं है। उन्होंने अपने मंत्रियों और अन्य नेताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाएं और उनको बताएं कि तेल और गैस का संकट नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे आत्मविश्वास के साथ बताएं कि कोई संकट नहीं है। चार मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी गुरुवार को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भी यही कहा कि तेल और गैस का कोई संकट नहीं है। अब असली बात क्या है? असली बात तेल या गैस का संकट नहीं है, बल्कि असली बात आत्मविश्वास है। देश तेल या गैस से नहीं आत्मविश्वास से चलता है। अगर आत्मविश्वास है कि तेल और गैस का कोई संकट नहीं है तो इसका मतलब है कि कोई संकट नहीं है। देश के जो लोग गैस एजेंसियों के सामने कतार लगा कर खड़े हैं, धक्के खा रहे हैं, गैस की बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं, जो होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं, कैंटीन्स बंद की जा रही हैं, हवाई किराया बढ़ाया जा रहा है, अयोध्या की राम रसोई बंद हुई है, सुप्रीम कोर्ट और कांग्रेस मुख्यालय की कैंटीन में कैटरिंग का काम सीमित किया गया है, आईआरसीटीसी के बारे में कहा जा रहा है कि वह कैटरिंग में कटौती करने वाला है, यह सब असल में एक साजिश है, जो सरकार को बदनाम करने वाले लोगों ने रची है। यह भी कह सकते हैं कि अमेरिका वाले जॉर्ज सोरोस या उस तरह का कोई टूलकिट लगा है, जिसको भारत के विश्वगुरू बनने से चिढ़ है और वह इकोसिस्टम सरकार और देश को बदनाम करने के लिए इस तरह के काम करा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा भी कि कुछ लोगों का काम पैनिक फैलाना होता है। वहीं लोग गैस संकट को लेकर पैनिक फैला रहे हैं। अन्यथा, जब विश्वगुरू भारत के प्रधानमंत्री ने कह दिया कि तेल और गैस का संकट नहीं है तो लोगों को मान लेना चाहिए कि संकट नहीं है। जो नहीं मान रहे हैं वे देश विरोधी इकोसिस्टम के लोग हैं। ऐसे ही लोगों ने नोटबंदी के समय कतार में लग कर और कोरोना के समय ऑक्सीजन की कमी बता कर जान दी थी और देश की छवि बिगाड़ी थी और अब गैस एजेंसियों के सामने कतार लगा कर सरकार की छवि बिगाड़ रहे हैं। उनको पता ही नहीं है कि सरकार के पास इतने गैस के सिलेंडर भरे हुए हैं कि राह चलते लोगों को पकड़ पकड़ कर सिलेंडर दिया जा रहा है। कुछ देशद्रोही किस्म के लोग ही इस बात का मुद्दा बना रहे हैं कि सरकार ने शहरों में गैस की बुकिंग का समय 20 दिन से बढ़ा कर 25 दिन कर दिया और गांवों में 45 दिन से पहले बुकिंग नहीं करने का नियम बनाया है। यह तो सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए किया गया है। इसी तरह घरेलू रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए और कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए की जो बढ़ोतरी की गई है वह तो इसलिए की गई है ताकि लोग देश के विकास में ज्यादा योगदान कर सकें। इसलिए लोगों की अपने कानों और अपनी आंखों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उनको वह देखना और सुनना चाहिए, जो सरकार कह रही है। प्रधानमंत्री कह रहे हैं। देश के विदेश मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री कह रहे हैं। सब एक ही बात कह रहे हैं कि कोई संकट नहीं है। तेल के भंडार लबालब भरे हुए हैं और जिस देश में हर दूसरा व्यक्ति डॉक्टर के यहां जाकर कहता हो कि डॉक्टर साहेब गैस बन रही है, उस देश में गैस की कमी भला कैसे हो सकती है! बाकी इसके बावजूद अगर किसी को गैस की किल्लत महसूस हो रही है तो सरकार ने कोयला को विकल्प के तौर पर आजमाने के लिए कह दिया है। कोयले की तो कमी देश में है नहीं। अगर उसकी भी कमी मिले तो लकड़ी का चुल्हा आजमाया जा सकता है। लोगों को यह भी तो समझना चाहिए कि आत्मनिर्भर भारत में वे कब तक सरकार और दूसरे देशों पर निर्भर रहेंगे। अपनी लकड़ी काटें, अपना कोयला निकालें और काम चलाएं। नाले से गैस निकालें और आत्मनिर्भर बनें।

# भाजपा के अगले दो सबसे बड़े लक्ष्य क्या ?



गुलफिशा खान

केंन्द्र की एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा ने बीते दिनों छह अप्रैल को अपना अपना 47वां स्थापना दिवस मानाया। यानि अब भाजपा 47 साल की हो गई है। और इस कम समय में उसकी राजनीतिक स्थिति यह है कि भारत में आज 21 राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन वाली एनडीए सरकार है। लेकिन केरलम, बंगाल, तेलंगाना जैसे राज्यों में वो अभी तक सरकार नहीं बना सकी है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों भी उसकी सिर्फ गठबंधन वाली सरकार ही रही है। भाजपा न केवल दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और उसके 18 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। भाजपा देश की सबसे अमीर पार्टी भी मानी जाती है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25 में पार्टी की आय 6769 करोड़ रुपये रही। देश में अभी हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नगालैंड, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, बिहार और आंध्र प्रदेश में भाजपा या एनडीए सरकार है। भारतीय जनता पार्टी के 47वां स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि पार्टी के अगले दो सबसे बड़े टारगेट क्या हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि भाजपा अभी तक तीन तलाक कानून, सीएए और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जैसे बड़े लक्ष्य हासिल कर कर चुकी है। अगर अगला नंबर यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन नेशन वन इलेक्शन का है। उन्होंने कहा कि अब ऐसे विषयों पर देश में गंभीरता से उठाया जा रहा है। भाजपा सरकार में उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे। अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण... ऐसे कितने ही काम हैं, जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का नतीजा है। और हमारा मिशन अभी भी जारी है। यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन नेशन वन इलेक्शन ऐसे सभी विषयों पर आज देश में एक गंभीर चर्चा हो रही है।" सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स, मतदान सामग्री आदि में काफी पैसा खर्च होता है। जब एक साथ चुनाव होंगे, तो चुनावी खर्च में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। बार–बार चुनावों के कारण प्रशासनिक मशीनरी (पुलिस, शिक्षक, अधिकारी) लंबे समय तक चुनाव ड्यूटी में रहती है, जिससे नियमित काम प्रभावित होता है। एक साथ चुनाव से शासन अधिक सुचारु ढंग से चल सकता है। अलग–अलग समय पर चुनाव होने से डब्ब लंबे समय तक लागू रहता है, जिससे नई नीतियों और विकास कार्यों पर रोक लगती है। एक साथ चुनाव से यह बाधा कम होगी। सरकारें चुनावी मोड में कम और नीति–निर्माण पर अधिक ध्यान दे सकेंगी. इससे मध्यम व दीर्घकालिक सुधारों को लागू करने में मदद मिल सकती है। बार–बार चुनावों से परियोजनाएँ रुकती हैं। एक साथ चुनाव होने पर विकास योजनाएं बिना व्यवधान आगे बढ़ सकती हैं। कई बार चुनाव होने से मतदाताओं में थकान आती है। एक साथ चुनाव से मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना



रहती है। निरंतर चुनावी वातावरण से समाज में तनाव बढ़ सकता है। एक साथ चुनाव से चुनावी बयानबाज़ी और ध्रुवीकरण का समय सीमित हो सकता है। सुरक्षा बलों की तैनाती बार–बार करनी पड़ती है। एक साथ चुनाव से उनकी कार्य–योजना बेहतर ढंग से बनाई जा सकती है। कानून के सामने समानताः सभी नागरिकों पर विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने जैसे नागरिक मामलों में एकघ्सा कानून लागू होने से अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) की भावना मजबूत होती है। अलगघ्अलग निजी कानूनों में मौजूद लैंगिक असमानताओं को दूर करने में मदद मिल सकती है, जिससे महिलाओं के अधिकार अधिक स्पष्ट और सुरक्षित हों। अनेक व्यक्तिगत कानूनों के बजाय एक स्पष्ट ढांचे से कानूनी भ्रम, मुकदमों और विरोधाभासी निर्णयों में कमी आ सकती है। समान नागरिक नियमों से नागरिक पहचान मजबूत होने और समुदायों के बीच समान आधार बनने की बात कही जाती है। नीतिघनिदेशक तत्वों (विशेषकर अनुच्छेद 44) की दिशा में प्रगति के रूप में देखा जाता है, जो राज्य को समान नागरिक कानून की ओर प्रयास करने की बात करता है। समय के साथ समाज में आए बदलावों (शिक्षा, रोजगार, परिवार संरचना) के अनुरूप कानूनों को समकालीन और व्यावहारिक बनाने का अवसर मिलता है। बच्चों और महिलाओं जैसे समूहों के लिए एकघ्समान न्यूनतम अधिकार मानक तय किए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की यात्रा जिक्र करते हुए कहा, "राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विशाल और पवित्र वट वृक्ष के नीचे हमें साफ नीयत के साथ सुचिता के साथ राजनीति में कदम रखने की प्रेरणा मिली। फिर शुरुआत के कुछ दशकों में हमने संगठन के लिए नीतियां निर्धारित करने में अपनी ऊर्जा लगाई। उसके बाद जो समय आया जब भाजपा ने पूरी निष्ठा के साथ खुद को एक सशक्त कैडर आधारित पार्टी बनाने में झोंक दिया। हमने कार्यकर्ताओं का ऐसा विशाल कैडर खड़ा किया, जिनमें सेवा भावना से काम करने का समर्पण था, जिन्होंने पार्टी के सिद्धांतों को अपने जीवन का आदर्श बनाया और जिन्होंने किसी भी परिस्थिति में अपने मूल्यों से समझौता स्वीकार नहीं किया।

# असम-हम "मियाँ मुस्लिम" नहीं, भारतीय मुसलमान हैं।

बीफ विवाद के बाद असम जातीय परिषद की गुवाहाटी सेंट्रल सीट से उम्मीदवार और राज्य की सबसे युवा प्रत्याशी कुंकी चौधरी को गुवाहाटी में आयोजित उनकी चुनावी रैली के दौरान हल्के विरोध का सामना करना पड़ा। पार्टी ने इस विरोध के लिए समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। गुवाहाटी सेंट्रल में



फरीद वारसी

आयोजित रैली के दौरान दर्शकों के एक वर्ग ने कुंकी चौधरी के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कुंकी चौधरी वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से असम जातीय परिषद और उसकी उम्मीदवार कुंकी चौधरी पर किए गए हमले से राज्य में राजनीतिक तनाव और गहरा गया है। कैबिनेट मंत्री पीयूष हजारिका ने रैली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, "आखिरकार लोग भाजपानीत एनडीए गठबंधन के हिंदूघविरोधी रुख के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं। इन्होंने ऐसी उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जिसके परिवार ने सार्वजनिक रूप से बीफ खाते हुए तस्वीरें साझा की हैं। हिंदुओं को यह लोग हल्के में क्यों लेते हैं? क्या कभी 'अल्पसंख्यकों के साथ ऐसा करने की हिम्मत करेंगे?" वहीं बात अब असम विध ाानसभा चुनावों में मुस्लिम मतो की तो मालूम हो कि असम विधानसभा चुनाव में मुस्लिमों को लेकर सियासत गर्म है। "मियाँ मुस्लिम" के मुद्दे पर भाजपा की सियासी बयानबाज़ी से मुस्लिम समुदाय असहज महसूस करता है। यही वजह है कि चुनावी मुद्दे को लेकर पूछने पर राज्य की करीब पैंतीस प्रतिशत आबादी वाले मुस्लिम समुदाय के लोग सुरक्षा और सद्भाव को ज्यादा तरजीह देते हैं। असम में मुख्य रूप से दो तरह के मुस्लिम हैं। एक हैं, असमिया भाषी जिन्हें खिलौंजिया (मूल निवासी) मुस्लिम कहते हैं। ये मुख्य रूप से ऊपरी असम के इलाक़ों जैसे जोरहाट, शिवसागर, गोलाघाट, लखीमपुर जैसे ज़िलों में रहते हैं। इनकी आबादी क़रीब दस फ़ीसदी है। कुछ सीटों को छोड़कर जीत–हार में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं है। वहीं असम के निचले, मध्य इलाक़ों जैसे नौगांव, धुबरी, बरपेटा और बराक घाटी में बांग्ला बोलने वाले मुस्लिम रहते हैं। आज़ादी के समय से ही इन इलाक़ों में मुस्लिमों की बड़ी आबादी रहती आई है। कुछ जिलों की सीमा बांग्लादेश से मिलती है।1971 के बांग्लादेश युद्ध के आसपास बड़ी संख्या में लोग सीमा पार कर इन इलाकों में आ कर बस गए। खिलौंजिया और बांग्ला बोलने वाले मुस्लिमों में भाषा के अलावा सांस्‍कृतिक भिन्नताएं भी हैं। असम विधानसभा की कुल 126 में से करीब 25 सीटें मुस्लिम बहुल हैं। ये सभी सीटें बांग्ला भाषी मुस्लिमों के इलाके में आती हैं। जाहिर है असमिया की तुलना में बांग्लाभाषी मुसलमान राजनीतिक रूप से कहीं ज्यादा ताक़तवर हैं। निचले असम और बराक घाटी में आने वाली इन सीटों पर कांग्रेस और बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ के बीच सीधा मुकाबला है। बीते विधानसभा चुनाव में दोनों दलों



के बीच गठबंधन था। लेकिन बाद में कांग्रेस ने अजमल से दूरी बना ली और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने धुबरी सीट पर अजमल को दस लाख के अंतर से हरा दिया। इस हार का बदला लेने और असम के मुस्लिम वोटरों पर फिर से अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए अजमल ने इस बार असदुद्दीन ओवैसी की मदद ली है। ओवैसी ने अजमल के उम्मीदवारों के पक्ष में खूब प्रचार किया। कांग्रेस ने भी इमरान प्रतापगढ़ी, नासिर हुसैन जैसे स्टार प्रचारकों को असम में उतार दिया है। अजमल की पार्टी करीब तीस सीटों पर लड़ रही है। उनके निशाने पर भाजपा के साथ कांग्रेस है। हालांकि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टी को बढ़त इसलिए है क्योंकि वो सरकार बनाने की रेस में है। भाजपा ने एक भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है। हालांकि उसकी सहयोगी असम गण परिषद ने एक दर्जन मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। वैसे, बताने की जरूरत नहीं है कि मुस्लिम वोटर सरकार बदलना चाहता है। कामरूप जिले की समरिया सीट के गोरोइमारी में स्थानीय निवासी हुमायूँ कबीर बताते हैं। हम इस चुनाव में किसी भी तरह की सांप्रदायिकता नहीं चाहते। हम सब भाई हैं और हम इसी तरह रहना चाहते हैं। हम मिया मुस्लिम नहीं, भारतीय मुस्लिम हैं। उन्होंने ख़ास तौर पर उल्लेख किया कि पहले की तुलना में दंगे और अपराध कम हो गए हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। लेकिन यह शिकायत भी की, बंगाली मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, लोगों को बेदखल किया जा रहा है, घर हटाए जा रहे हैं। नागरिकता की वैधता को लेकर समय–समय पर उठने वाले सवाल और बेदखली की कार्रवाई से मुस्लिम समुदाय के लोग चिंतित रहते हैं। एक अन्य निवासी साहिदुल हुसैन ने कहा कि बेदखली सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर है। बेदखली करें लेकिन सरकार को पुनर्वास के लिए भी कुछ करना चाहिए.रोबिउल हुसैन ने कहा कि पहले मुस्लिम समुदाय एक था, अब इसमें विभाजन आ गया है। मियाँ शब्द का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मियां मुस्लिमों को बांग्लादेशी मुस्लिम कहा जाता है। इससे समुदाय को नुकसान हुआ है। असमिया भाषी मुस्लिम कभी हमारे साथ होते हैं और कभी नहीं भी। ऊपरी असम के इलाक़ों में बसे असमिया मुस्लिम भी सांप्रदायिक माहौल को लेकर सवाल खड़े करते हैं। जोरहाट के टियोक में कमरखटोवाल गांव के इक़बाल हुसैन ने कहा कि हिंदू–मुस्लिम से पहले हम असमिया हैं। चुनाव में हिंदू–मुस्लिम की नहीं विकास की बात होनी चाहिए। वहीं, नजरुल जिलानी ने नाराज़गी जताते हुए सवाल उठाया कि भाजपा ने एक भी खिलौंजिया मुस्लिम को टिकट क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि किसी की भी सरकार आए हमें विकास चाहिए, भेदभाव नहीं। सबसे ज्यादा शांति जरूरी है। उन्होंने आईना दिखाने के अंदाज़ में कहा, "नौकरियां देने में हिंदू–मुस्लिम नहीं देखा तो अब चुनाव में हिंदू.मुस्लिम की बात क्यों की जा रही है?सियासी अहमियत में कमी इन्हें कचोटती है। इनके पास कांग्रेस गठबंधन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी गांव के इमदादुल्लाह ने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उन्हीं को मिलता है जो भाजपा से जुड़े होते हैं। भले ही इसको लेकर वो साफ़ तौर पर नहीं बता सके कि किस योजना में किस तरह का भेदभाव किया जाता है? लेकिन ऐसी धारणा कई और लोगों की भी नज़र आई जो सियासी और धार्मिक भेदभाव की शिकायत करते हैं। इक़बाल हुसैन ने जोर देकर कहा कि मियाँ मुस्लिम के नाम पर जो सियासत होती है उसका असर हम पर भी पड़ता है। जो बांग्लादेशी है उसे भगाइए लेकिन सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे ज़हर को भी रोकिए। हालात के कारण बड़े पैमाने पर हुए पलायन या रणनीतिक घुसपैठ के खिलाफ़ असम में आंदोलन हुए। 1971 के बाद बसे मुस्लिमों को असम में "मियाँ मुस्लिम" कहा जाता है। इन पर आरोप लगता है कि ये बांग्लादेश से आए घुसपैठिए हैं। इनकी भाषा बांग्ला ही है लेकिन बोलने का तरीका पहले से रह रहे बांग्ला बोलने वाले मुस्लिमों से अलग है। ये आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन संख्या के हिसाब से प्रभावशाली हैं। बीते पाँच दशक से इन्हें हटाने और संरक्षित करने को लेकर असम में राजनीति होती रही है। चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी हों या मुख्यमंत्री सरमा, कांग्रेस पर घुसपैठियों के प्रति नरमी बरतने का आरोप लगाते हैं। जवाब में असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा के मुक़ाबले ज्यादा घुसपैठियों को बाहर निकाला। घुसपैठियों की पहचान के लिए करीब ग्यारह साल पहले कांग्रेस की सरकार के दौरान असम में एनआरसी शुरू हुई जो भाजपा सरकार के समय पूरी तो हो गई लेकिन विवाद के कारण उसका निष्कर्ष अभी भी लंबित है। लेकिन "मियाँ मुस्लिम" के नाम पर राज्य में सियासत बेरोकटोक जारी है। घुसपैठिए बाहर नहीं होते और कटघरे में पूरे समुदाय को खड़ा कर दिया जाता है। वोटों के ध्रुवीकरण के इस खेल में मुस्लिम समुदाय के पास फ़िलहाल सत्ता की नहीं केवल विपक्ष की चाभी बची है। देखना होगा कि असम विधानसभा में वो किसे मिलती है।

# तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भूमिका कितनी !

अजय दीक्षित

भारत दक्षिण में अरब सागर और हिन्दमहासगर को मिलाने वाले राज्य तमिलनाडु में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव है ।234 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके और स्व जयललिता की एआईडीएमके के बीच है ।इस बार एआईडीएमके एनडीए के घटक बनकर, भारतीय जनता पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी को 27 सीट पर चुनाव लड़ना है ।वही अभिनेता विजय की पार्टी एमडीएम अलग से सभी सीट पर चुनाव मैदान में है। तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के लिए अभी भी दूर की कौड़ी है। यद्यपि उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन यही से आते हैं वे कोयम्बतूर से दो बार 1998,99 में सांसद निर्वाचित हुए थे ।2014 में एक राधाकृष्णन भी कन्याकुमारी से सांसद रहे हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव में खाता नहीं खुला है ।केरल की तरह यहां पर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य है। अगर इस बार के विधानसभा चुनाव की बात करे तो स्टालिन के साथ दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर है लेकिन स्टालिन अभी भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। एआईडीएमके में कोई विशेष नेता नहीं है यद्यपि पनीर स्वामी, पानीसेलवम दोनों दावेदारी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि हम दोनों को स्वीकार करेंगे। 1966 से भाषाई आधार पर राज्यों के गठन में तमिल भाषा बोल ने वाले क्षेत्र को तमिलनाडु राज्य बनाया गया। इससे मद्रास प्रेसीडेंसी के सभी भाग समाहित किए गए। तत्कालीन समय में कांग्रेस के दिग्गज नेता कामराज नाडार मुख्यमंत्री बने लेकिन पेरियार नामक संत ने डीएमके की हिंदी भाषा के विरोध में राजनीत शुरू की। पेरियार के शिष्य अन्नादुरई ने डीएमके यानि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम,ये शब्द तमिल भाषा से लिया गया है। इसका अर्थ है कि तमिलनाडु राज्य आंदोलन जो पेरियार ने शुरू किया था ।दरअसल तमिलनाडु भारत का एक ऐसा राज्य है जो दक्षिण भारत का लीडर है ।तमिल ,तेलगु, मलयालम, और कन्नड़ ये ऐसी भाषाएं हैं जो संस्कृत से बनी यद्यपि इनकी लिपि देवनागरी नहीं है लेकिन संस्कृत ही त्रेता युग से जुड़ी है। तमिल नाडु में रामेश्वरम है जहां भगवान शिव पधारे हैं कहते हैं कि रामेश्वरम में भगवान श्री राम ने रावण को हराने के लिए यज्ञ किया था और शिव लिंग की स्थापना की थी , तमिलनाडु में ही मीनाक्षीपुरम मंदिर है जहां भगवान् विष्णु लक्ष्मी माता के साथ बिराजी है। डीएमके के लोग कवि त्रिबल्लूर को मानते हैं ।डीएमके के प्रमुख रहे स्व करुणानिधि हिंदू देवी देवताओं को नहीं मानते थे ।वे राज्य के जीवन में कई बार मुख्यमंत्री रहे अब उनके पुत्र स्टालिन मुख्यमंत्री है । करुणानिधि ने पेरियार के हिन्दी भाषा विरोध को कायम रखा ।अब स्टालिन भी उन्हीं के पद चिन्हों पर है । स्व करुणानिधि से अलग होकर सिने अभिनेता एम जी रामचंद्रन ने एआईडीएमके बनाई वे कई बार मुख्यमंत्री रहे उनके बाद बिरसात में जयललिता मुख्यमंत्री बनी ।वे तमिलनाडु की जन नेता थी। लेकिन 2021 में स्टालिन मुख्यमंत्री बने ।2026 विधानसभा चुनाव में डीएमके तमिल भावनाओं को लेकर चुनाव में है ।जबकि एआईडीएमके एनडीए से मिलकर महंगाई, भ्रष्टाचार,को मुद्दे पर चुनाव मैदान में है।

भारतीय जनता पार्टी अभी जल्दी में नहीं है वह अभी कोई अपना लीडर तलाश रही है। हालांकि 27 सीट पर चुनाव मैदान में है क्योंकि एआईडीएमके के साथ है।

# किशोरी का शोषण किए जाने पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। थाना रेहड़ के गांव से किशोरी के साथ लंबे समय तक शोषण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक अधेड़ व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार करीब एक वर्ष पहले आरोपी जो परिवार के संपर्क में रहता था, एक दिन घर पहुंचा जब किशोरी अकेली थी। आरोप है कि उसने मौका पाकर जबरदस्ती गलत काम किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि इसी डर का फायदा उठाकर आरोपी लगातार उसे प्रताड़ित करता रहा। लंबे समय तक सहने के बाद आखिरकार उसने पुलिस की शरण ली और नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घरेलू विवाद में पत्नी को हथौड़े से किया लहूलुहान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नूरपुर, बिजनौर। गांव कुंडा में सोमवार को पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी पर लोहे के हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी फईम का अपनी पत्नी खुशी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान फईम ने हथौड़े से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक, दोनों की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी और उनका आठ माह का एक बच्चा भी है। आरोप है कि पति आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद करता रहता था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नुमाइश में चीख-पुकार, झूले से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। रायपुर अड्डे पर लग रही लंदन सिटी नुमाइश में देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। झूले से गिरकर जलालाबाद निवासी अजीम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। बताया गया कि अजीम पुत्र अनीस अपने परिवार के साथ नुमाइश घूमने गया था। इसी दौरान वह झूले पर बैठा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद अजीम को एंबुलेंस के जरिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल अजीम पेशे से रिक्शा चालक है, जबकि उसके पिता फल की दुकान चलाते हैं। इस घटना के बाद नुमाइश में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने झूलों की सुरक्षा जांच और प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है।

# गल्ला आढ़तों पर काम करने वाले मजदूरों ने की हड़ताल

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। मीरानपुर कटरा में आज गल्ला आढत के मजदूरों ने मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। जिससे मंडी में आने वाले किसानों को गेहूं बेचने में भारी असुविधा का सामना करना



पड़ा। आढ़तों पर मजदूरी करने वाले मजदूरों के ठेकेदार शेरभान व शराफत अली ने बताया कि बढ़ती महंगाई के चलते जो मजदूरी मिल रही है वह पर्याप्त नहीं है। मजदूरी को बढ़ाने के लिए हड़ताल की गई है। अगर हमारी मांगे मान ली जाएगी तो हड़ताल खत्म हो जाएगी। वहीं गल्ला आढ़तों पर हड़ताल के चलते किसानों की गेहूं की ट्रालियां खड़ी रह गई कुछ वापस चली गई। किसानों ने मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने की बात को बेबुनियाद बताया और कहा हर साल मजदूरी का पैसा बढ़ता है जिसका बोझ किसान को उठाना पड़ता है। वहीं मजदूरों की मजदूरी की अत्यधिक दर को देखते हुए आढ़तियों से वार्ता विफल हो गई। फूड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर गुप्ता ने बताया कि मंडी में मिलने वाली मजदूरी के हिसाब से ही मजदूरी दे सकते हैं अतिरिक्त मजदूरी का दबाव किसान पर पड़ता है। जिससे मंडी में आवक प्रभावित होती है।

# एसडीएम ने बच्चों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ किया गया प्रयास निश्चित ही सफलता दिलाता है। उक्त विचार उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने लहरपुर पब्लिक स्कूल के छात्रों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक



माता–पिता का उत्तरदायित्व है कि वह अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार उनमें पैदा करें। वरिष्ठ कवि और साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने बताया शिक्षित और अनुशासित छात्र ही राष्ट्र का निर्माता है हमारी आने वाली नई पीढ़ी ही तय करती है हमारी दिशा और दशा को इसलिए हमें अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से अच्छी से अच्छी शिक्षा और संस्कार उन्हें देना चाहिए जिससे एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में 19 बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी व संपादक सिराज अहमद व अफरोज जहां सबीहा बानो शीतल गौतम अफान सलीम कोमल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसील में भ्रष्टाचार के आरोप पर अधिवक्ताओं का हंगामा

## - न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। स्थानीय तहसील में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित कर नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय तक मार्च निकाला और न्यायिक कार्य से विरत रहने का पत्रक सौंपा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील परिसर में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है और आम वादकारियों से पैसे लेकर फैसले प्रभावित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तहसील में प्राइवेट कर्मचारियों को रखकर वादकारियों से बोली लगाई जाती है और जो अधिक पैसे देता है, उसके पक्ष में निर्णय कर दिया जाता है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि न केवल फैसले प्रभावित किए जाते हैं, बल्कि जिन पक्षों से रिश्वत ली जाती है, उन्हें न्याय भी नहीं मिलता और पैसा भी वापस नहीं किया जाता। इसको लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। प्रदर्शन के बीच उस समय स्थिति और तनावपूर्ण हो गई जब अधिवक्ताओं ने न्यायालय में पहुंचकर एसडीएम से सीधे बातचीत की। अधिवक्ताओं ने बिना वकीलों की उपस्थिति के न्यायालय चलाए जाने पर कड़ा विरोध जताया और सुनवाई रोकने की मांग की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को जवाब देते हुए कहा कि पुराने मामलों की सुनवाई की जा रही है और कार्य बाधित नहीं किया जा सकता। इस पर अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि बिना अधिवक्ता के किसी भी मामले की सुनवाई न्यायसंगत नहीं है। विवाद बढ़ने पर एसडीएम ने अधिवक्ताओं से कहा कि वे धरना–प्रदर्शन करें, लेकिन न्यायालय अपने कार्य करता रहेगा। इसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में ही नारेबाजी करते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस राम एडवोकेट, महासचिव सुमन्त कुशवाहा एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर सिंह, अशोक सिंह, प्रवीण राय और शशिभूषण राय सहित कई अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील के सभी कार्यालयों और न्यायालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे न केवल तहसील की छवि खराब हो रही है बल्कि अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठा भी प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं ने हाल ही में दिलदारनगर के नायब तहसीलदार पर लगे आरोपों का भी जिक्र किया, जिसमें दोनों पक्षों से रिश्वत लेकर



एक पक्ष के खिलाफ फैसला देने का आरोप लगा था। उन्होंने कहाकि उस मामले में भी निष्पक्ष जांच के बजाय लीपापोती की जा रही है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए धरना–प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वहीं, इस पूरे मामले पर उपजिलाधिकारी संजय यादव ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहाकि कोई भी कर्मचारी प्राइवेट नहीं है और सभी कर्मचारी नगरपालिका से संबद्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में भी वादकारियों का पक्ष सुनते हुए लगभग 100 से 125 मामलों की सुनवाई की गई है। घटना के बाद तहसील परिसर में अधिवताओं व अधिकारियों में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और आगे की स्थिति पर सभी की नजर बनी हुई है। इस मौके पर शाहजहां खां, उमेश सिंह, शाहजहां खान, पूनम कुमार यादव, अब्दुल नसीम, संजीव सिंह, पारसनाथ सिंह, प्रमोद कुमार सिंह यादव, कौशल, राधा.ष्ण, मो. वारिस अली, जितेंद्र उपाध्याय सहित बार एशोसिएशन के सभी सदस्य शामिल रहे।

# गुटखा माफियाओं ने बिछाया काली कमाई का जाल, 5 का पाउच 10 में पार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली/अटरिया, सीतापुर। कानून के हाथ लंबे होने का दावा तो अक्सर किया जाता है, लेकिन सिधौली और अटरिया क्षेत्र में लगता है कि इन हाथों को गुटखा माफियाओं ने अपनी भारी–भरकम तिजोरियों के नीचे दबा दिया है। यहाँ के रसूखदार थोक विक्रेताओं ने मिलकर एक ऐसा आर्थिक सिंडिकेट खड़ा कर दिया है, जो आम आदमी की जेब पर गिद्ध की तरह झपट्टा मार रहा है। महज 90 दिनों के भीतर कीमतों में 100 प्रतिशत का उछाल आ चुका है, लेकिन मजाल है कि प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूट जाए। गोदामों में माल कैद, बाजार में हाहाकार का खेल यह कोई प्रा.तिक कमी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित श्मैन–मेड क्राइसिसश है। सिधौली और अटरिया के बड़े डिस्ट्रीब्यूटर्स ने साजिश के तहत अपने गोदामों को माल से पाट दिया है। बाजार में .त्रिम अभाव पैदा कर हाहाकार मचाया जा रहा है, ताकि पीछे छिपे सफेदपोश मुनाफाखोर कालाबाजारी के इस गंदे खेल को अंजाम दे सकें। आलम यह है कि जो माल गोदामों में भरा पड़ा है, उसे बाजार तक पहुँचने ही नहीं दिया जा रहा ताकि कीमतें आसमान छूती रहें। रोंगटे खड़े कर देने वाले आंकड़े नीचे दी गई तालिका स्पष्ट करती है कि कैसे चंद महीनों में इन भ्रष्टाचारी भेड़ियों ने कीमतों को दोगुना कर दिया है। इस सिंडिकेट के खेल में सबसे ज्यादा अगर कोई पिस रहा है, तो वह है सड़क किनारे गुमटी लगाने वाला छोटा दुकानदार। बड़े एजेंसी धारक एयरकंडीशन कमरों में बैठकर नोटों की गड्डियां गिन रहे हैं, जबकि ग्राहकों की गालियां और गुस्सा उन गरीब फुटकर विक्रेताओं को झेलना पड़ रहा है। जब छोटा दुकानदार रेट बढ़ने का कारण पूछता है, तो उसे रटा–रटाया जवाब मिलता है पीछे से रेट बढ़ गए हैं। सवाल यह है कि क्या कोई कंपनी रातों–रात कीमतें दोगुनी कर सकती है? या फिर यह स्थानीय स्टॉकहोल्डर्स का वह आर्थिक अपराध है, जिसे सत्ता और अधिकारियों का मूक संरक्षण प्राप्त है? सिधौली व अटरिया की गलियों में अब यह चर्चा आम है कि क्या खाद्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की आंखों पर नोटों की पट्टी बंधी है? जनता सीधे सवाल उठा रही है कि आखिर इन मुनाफाखोरों के गोदामों पर छापेमारी करने से विभाग के हाथ–पांव क्यों फूल रहे हैं? क्या इन मगरमच्छों को ऊपर तक संरक्षण प्राप्त है, जो खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं? क्षेत्र के नागरिकों ने अब आर–पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उनकी मांगें स्पष्ट हैं थोक विक्रेताओं के गोदामों की तत्काल और पारदर्शी जांच हो, हर छोटी–बड़ी दुकान पर आधिकारिक मूल्य सूची चस्पा की जाए, कालाबाजारी करने वाले सिंडिकेट के आकाओं को चिह्नित कर सलाखों के पीछे भेजा जाए।



# सेवराई के गेहूं क्रय केंद्र में खरीद ठप, बोरे की कमी से किसानों में उबाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र में सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन को लेकर प्रशासनिक दावे जमीनी हकीकत पर खरे नहीं उतर रहे हैं। केंद्रों पर बैनर और कर्मियों की मौजूदगी के बावजूद किसानों को बोरा उपलब्ध नहीं है का हवाला देकर वापस लौटाया जा रहा है। इससे आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि सरकारी खरीद शुरू न होने से उन्हें अपनी उपज निजी व्यापारियों को औने–पौने दाम पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार में गेहूं बेचने पर प्रति कुंतल 300 से 350 रुपये तक का नुकसान झेलना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ रहा है। समस्या से क्षुब्ध सैकड़ों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन सेवराई इकाई के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी संजय यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्रय केंद्रों पर तत्काल गेहूं खरीद शुरू कराने के साथ ही क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत और कथित कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की गई। किसान नेता भानुप्रताप सिंह ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं की गई और गैस की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसान तहसील मुख्यालय पर धरना–प्रदर्शन और आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाया जाएगा और बड़े किसान नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। युवा समाजसेवी



रंगनाथ सिंह ने भी किसानों के समर्थन में आवाज उठाते हुए सरकारी क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और गैस एजेंसी संचालकों की मनमानी पर कार्रवाई की मांग की। वहीं, उपजिलाधिकारी संजय यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि मामले का संज्ञान लिया गया है और जल्द ही क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुधारकर गेहूं खरीद शुरू कराई जाएगी। प्रदर्शन के दौरान रंगनाथ सिंह, विशाल सिंह, शिवम सिंह, बिहारी सिंह, रविशंकर सिंह, पम्मू सिंह, सुभाष यादव, सूबेदार यादव, माना उपाध्याय, वेंकटेश्वर सिंह, पिंटू पांडेय, गोलू पाठक, मुन्ना सिंह, रजनीकांत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित

## - कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने व लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनु. जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम–1989 के अंतर्गत वादों, पीड़ितों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति, गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के मामलों, महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों तथा अन्य आपराधिक वादों के निस्तारण की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा लंबित मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अपराधियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि उनके खिलाफ



कठोर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजना आवश्यक है, जबकि निर्दोष लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। महिला संबंधी अपराधों और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए न्यायालयों में मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही पुलिस और अभियोजन अधिकारियों को समन्वय बनाकर अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गुण्डा एक्ट के तहत त्वरित कार्रवाई, लगातार अपराध करने वालोंपर दंडात्मक कार्रवाई, छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेकर त्वरित निस्तारण तथा गैंगस्टर, महिला और बाल अपराधों के मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बड़ेअपराधियों को सजा दिलाने और लंबित मामलों को कार्ययोजना बनाकर निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा सभी मेडिकल रिपोर्ट में चिकित्सक का नाम और पदनाम अनिवार्य रूप से दर्ज करने तथा कुख्यात अपराधियों से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी करने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सीओ जसवंतनगर आयुषी सहित फौजदारी, पॉक्सो एक्ट, राजस्व, दीवानी, गैंगस्टर एक्ट आदि के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्टंटबाजों पर पुलिस की सख्ती, बुलेट का 33 हजार का चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। दुपहिया वाहनों पर स्टंट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस ने मोटरसाइकिल (बुलेट) पर स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 33,000 रुपये का चालान किया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत लगातार स्टंट करने वालों पर नजर रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा रही है। 07 अप्रैल को की गई कार्रवाई में बुलेट पर खतरनाक स्टंट करते पाए गए चालकों के खिलाफ चालान किया गया। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वाहन चलाते समय स्टंट न करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। साथ ही अभिभावकों से भी कहा गया है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से दूर रखें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टंट करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मस्तीपुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पुस्तक व रिजल्ट वितरण समारोह

## – मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहनलालगंज, लखनऊ। विकास खंड मोहनलालगंज के अंतर्गत मस्तिपुर गांव में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक परिणाम एवं पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी रहे, जिन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार दीक्षित के साथ मिलकर बच्चों को पाठ्यपुस्तकों और रिजल्ट कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्.त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है। उन्होंने विशेष रूप से कक्षा 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में और अधिक मेहनत करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रधानाध्यापक संजीव कुमार दीक्षित ने छात्रों को अनुशासन और परिश्रम का महत्व समझाते हुए कहा कि विद्यालय से पास होकर जाने वाले बच्चे जहां भी अध्ययन करें, अपने व्यवहार और पढ़ाई से इस विद्यालय, अपने परिवार और गांव का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सभी शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शशि शुक्ला, छाया गौड़, रीना वर्मा, मीनू, विभा, अनुदेशक संगीता पांडेय तथा अमित सहित अन्य शिक्षकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

# पुलिस टीम ने अभियुक्त को अवैध तमंचा सहित किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र



पप्पू निवासी गिहार कलौनी थाना सिरसागंज को 01 तमंचा 12 बोर व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर सहित एन एच–2 से बन्द पडे शंकर ढाबे की तरफ करीब 10 कदम की दूरी से गिरतार किया गया है।

# भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अटरिया मंडल में उत्सव जैसा माहौल रहा। सिधौली विधानसभा के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ शिरकत की और पार्टी की विचारधारा को घर–घर पहुँचाने का प्रण लिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि भाजपा का विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और तपस्या का परिणाम है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए संगठन की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रमुख उपस्थिति एवं संकल्प कार्यक्रम में क्षेत्रीय दिग्गजों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल महामंत्री प्रभाकर विक्रम सिंह, विकास मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र रावत, उदयराज सिंह और बूथ अध्यक्ष प्रेम सिंह, प्रधान शिवपाल यादव और प्रधान संघ अध्यक्ष शैलेंद्र यादव उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से आगामी लक्ष्यों के लिए कमर कसी। नेशन फर्स्ट के नारे के साथ कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

*हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।*

*नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।*

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# एसपी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ का किया साक्षात्कार

## – प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्ता, अनुशासन व रिक्रूटो की गहन तैयारियों के बारे में किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ का साक्षात्कार किया गया। साक्षात्कार के दौरान रिक्रूटो से उनके प्रशिक्षण से संबंधित अनुभव, पुलिस कार्यप्रणाली की समझ तथा जनसेवा के प्रति उनके दृष्टिकोण के बारे में जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूटो को बताया कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नही, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है, जिसमे अनुशासन, ईमानदारी व संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही शारिरिक व मानसिक रुप से सुढ़ रहने, कानून व्यवस्था बनाए रखने मे तत्परता और आम जनमानस के साथ अच्छा व्यवहार रखने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव आदि मौजूद रहें।

# बलहा विधानसभा में धूमधाम से मनाया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 282 बलहा अंतर्गत उर्रा मंडल की ग्राम पंचायत गिरगिट्टी के मजरा मटिहा पुरवा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पेशकार निषाद के आवास पर सायंकाल संपन्न हुआ। जहां कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शांति रावत जिला कार्यसमिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी रहीं। उन्होंने जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन किया। भाजपा ध्वज फहराकर स्थापना दिवस की औपचारिक शुरुआत की। इसके उपरांत मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान, निशुल्क विद्युत कनेक्शन, किसान दुर्घटना बीमा योजना, गरीब परिवारों के लिए निशुल्क विवाह योजना के अंतर्गत एक लाख रुपये की सहायता, उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, निशुल्क शौचालय जैसी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वर्ष 2027 में पुनः उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन हेतु समर्पण भाव से भगीरथ प्रयास किए जाएंगे और जन–जन तक पार्टी की नीतियों व योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। इस आयोजन में राजेंद्र प्रसाद रावत मंडल उपाध्यक्ष, मिहींपुरवा, कौशल किशोर राजपूत मंडल उपाध्यक्ष, उर्रा मंडल, छत्रपाल निषाद बूथ अध्यक्ष, गिरगिट्टी सहित ग्राम पंचायत के समस्त भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, एकता और संगठनात्मक मजबूती का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।

# स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच करें निरीक्षण टीमें

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं नगर शिक्षा अधिकारी के साथ स्कूली वाहनों की फिटनेस एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में विशेष बैठक



आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश तथा परिवहन विभाग के निर्देशों के कम में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक संचालित विशेष अभियान की समीक्षा की गयी। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में गठित निरीक्षण टीमों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के स्कूली वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक के लाइसेंस, अन्य आवश्यक अभिलेखों की जाचं करना सुनिश्चित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिका है और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही की जायेगी। बैठक में यह भी तय किया गया है कि जिन विद्यालयों द्वारा निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जायेगा, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जनपद में संचालित यह विशेष अभियान बच्चों की सुरक्षित एवं व्यवस्थित विद्यालयी परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर छात्राओं व मरीजों को दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

प्रयागराज। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दारागंज प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज अपने स्टाफ और ट्रेनिग दे रही मेडिकल छात्राओ के साथ साथ आये हुये मरीजो को स्वास्थ्य सम्बन्धि जानकारी दिया और बच्चो के होने वाली बिमारी उससे बचने के लिये जानकारी दी और उनको बताया आप सब स्वच्छता का विषेश ध्यान रखे किसी को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य मे अगर परेशानी हो तो अपने पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे आकर डा0 से अवश्य सम्पर्क करे जिससे मरिज का तुरन्त ईलाज किया जा सके और ऐसे समय मे अगर पानी प्यास लगे तो मरिज को पानी गरम कुनकुना कर के पिलाये वही मेडिकल की ट्रेनिग कर रही छात्राओ को आये हुये मरिजो के साथ कैसा व्हार करना चाहिये ईसके लिये भी बताया वही उपस्थीत स्वच्छता के ब्राण्ड ऐमबैस्डर दुकानजी ने लोगो को अपने स्वास्थ्य के लिये अपने घर मे स्वच्छता साफ सफाई का विषेश ध्यान दे वही नगर निगम के तहत शृष्टी बेस्ट मैनेजमेन्ट की ओर से दुकानजी ने कहा स्वच्छता को मजबूरी नही संस्कार मे लाये जादा तर बिमारी अपने घर के कूड़े कचरे को जो लोग ईधर उधर गली कूचे मे फेक देते है जिसमे मक्खी, मच्छर, जन्म लेते वही नयी नयी बिमारियों को जन्म देते है। सभी को अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाये रखने के लिये अपने घर के कूड़े को डस्टबीन मे रक्खे और नगर निगम की गाड़ी आने पर उसे दे जिससे होने वाली नयी नयी बिमारीयो से बचा जा सके यह जानकारी प्रेष को दुकानजी ने दिया।

# महासंघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सम्पन्न

## – कार्यकर्ताओं को कर्तव्य भाव से कार्य करना चाहिए : श्रीराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के कानपुर और अवध प्रांत का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 4 व 5 अप्रैल को परितोष इंटरनेशनल स्कूल नौबस्ता कानपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 19 जिलों के 231 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जनपद बहराइच से दर्जनों प्रतिभागी रहे। अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भारतीय संस्.ति, ज्ञान और दर्शन से बच्चों को परिचित कराना शिक्षकों का प्रमुख दायित्व है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि संगठन के विचार को बढ़ाना और फैलाना ही प्रत्येक पदाधिकारी का दायित्व है। जिले के शीर्ष पदाधिकारी अपने जिले के कार्यकर्ताओं की प्रतिभाओं को परखें और उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ाएं। प्रदेश महामंत्री प्राथमिक संवर्ग प्रदीप तिवारी ने कहा कि जनपद का हर शिक्षक उनके परिवार का सदस्य है। शिक्षकों की समस्या उनकी व्यक्तिगत समस्या है और इसके लिए हर स्तर की लड़ाई लड़ेंगे। अभ्यास वर्ग दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कानपुर प्रांत प्रचारक श्रीराम जी का पंच परिवर्तन विषय पर पाथेय प्राप्त हुआ। उन्होंने कार्यकर्ता निर्माण व व्यक्तित्व विकास पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को कर्तव्य भाव से कार्य करने पर बल दिया। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक व विद्यार्थी विद्यालय को तीर्थ मानते हैं तो उनका उनका विद्यालय के प्रति भाव बदल जाता है। समापन सत्र में प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि टेट अनिवार्यता विषय में शिक्षकों को धैर्य रखना चाहिए। एबीआरएसएम इस हेतु निरंतर प्रयासरत है और संगठन को पूर्ण विश्वास है कि शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा विशिष्ट बीटीसी–2004 सहित अन्य बैच जो पुरानी पेंशन के दायरे में आ रहे हैं उनको पुरानी पेंशन, पदोन्नति पर 17140/18150 वेतनमान, शत प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान दिलाना संगठन की प्राथमिकता में है।




इस अवसर पर पीपीएन पीजी कॉलेज कानपुर के प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह, प्रदेशीय कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ला सहित जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, अरुण कुमार अवस्थी, आसिफ खान, चन्द्रेश कुमार राजभर, धनंजय कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार त्रिपाठी, सजल मिश्र, लोकेश श्रीवास्तव, डीडी पटेल, जितेन्द्र नाथ पाठक, अमित कुमार पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह राठौर, बर्जीलियस सिंह, विजय नरेश, विवेक राजपाल ने अभ्यास वर्ग में प्रतिभाग किया।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की चल रही मनमानी




न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। सरकार शिक्षा के प्रति सजग है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए प्रयास कर रही है। जहां अध्यापक स्कूल समय से नहीं पहुंच रहे हैं अब शिक्षकों के समय से न पहुंचने के कारण बच्चों ने खुद से प्रार्थना शुरू कर देने की बात वीडियो में कही है जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। मामला डलमऊ विकास खंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मनसुखमऊ का जहां विद्यालय खुलने का समय सुबह 8 बजे से लेकर 2 बजे तक है। प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही का यह मामला सामने आया है यहां शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते है बच्चे खुद से प्रार्थना करते है जिसका एक वीडियो ग्रामीणों ने वायरल कर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। यह घटना मंगलवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर हुई जब ग्रामीण विद्यालय पहुंचे उन्होंने देखा कि स्कूल में बच्चे तो मौजूद थे लेकिन कोई भी शिक्षक–शिक्षिका उपस्थित नहीं था। बच्चे खुद से प्रार्थना कर लिए 8 बजके 40 मिनट तक भी नहीं कोई भी शिक्षक–शिक्षिका पहुंचे। ग्रामीणों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों ने विद्यालय की व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। जिसमें वीडियो वायरल करने वाला व्यक्ति बच्चों से पूछ रहा विद्यालय में अभी तक शिक्षक नहीं आए है बच्चे खुद बता रहे हैं मैडम रोज लेट आती और मैडम ने बोल रखा है खुद से प्रार्थना कर लिया करो। इस तरह से खंड शिक्षा अधिकारी की सरफरस्ती में मौज फरमाते हैं इस तरह के मामले पर जमीन पर उतर के भी खंड शिक्षा अधिकारी जायजा क्यों नहीं लेते है। जब इस मामले पर खंड शिक्षाअधिकारी डलमऊ नन्दलाल रजक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं अगर ऐसा कुछ है तो जांच पड़ताल कराई जाएगी।

# पूर्व सांसद ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोबाजाद। नगर सिरसागंज के अपने कैम्प कार्यालय पर लोकसभा फिरोजाबाद के पूर्व सांसद डॉ चन्द्रसेन जादौन ने जनपद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर उन्हें मिठाई खिलाकर, पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आदि एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। डॉ चन्द्रसेन जादौन ने अश्वनी कुमार जैन के राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ ललित मोहन जादौन ने उन्हें बधाई देते हुए बताया कि यह जनपद के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। अश्वनी कुमार जैन ने निवर्तमान सांसद डॉ चन्द्रसेन जादौन, डॉ ललित मोहन जादौन एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ अपने परिवार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि माननीय पूर्व सांसद द्वारा उनके अथक प्रयासों से अपने विद्यालय में बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए 10 कम्प्यूटर प्रदान कराए थे, जिससे बच्चे आज विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।



# टीबी से ज्यादा अपनों की बेरुखी का दर्द, महिलाओं के लिए बनी दोहरी चुनौती

## – केजीएमयू की स्टडी में खुलासा, 18 प्रतिशत महिलाओं को ससुराल में अस्वी.ति, 10 प्रतिशत के टूटे रिश्ते

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। टीबी केवल एक संक्रामक बीमारी नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए गहरा सामाजिक दंश भी



बन जाती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के शोध के अनुसार पुरुषों की तुलना में महिलाओं में टीबी से जुड़े सामाजिक कलंक का खतरा लगभग 13 गुना अधिक होता है, जिससे वे समय पर जांच और उपचार से दूर रह जाती हैं। इस चुनौती की गंभीरता 960 महिला मरीजों पर किए गए अध्ययन से भी सामने आई। केजीएमयू की रिपोर्ट के अनुसार 18 प्रतिशत महिलाओं को पति या ससुराल से अस्वी.ति मिली, 25 प्रतिशत ने घर में अलगाव झेला और 10 प्रतिशत मामलों में विवाह तक टूट गए। लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं ने बीमारी छिपाए रखी, जबकि 44 प्रतिशत ने सामाजिक गतिविधियों में जाना बंद कर दिया। पखरपुर ब्लॉक के कोदही गांव की 22 वर्षीय रूबी आर्या की कहानी इस सच्चाई को और स्पष्ट करती है। वर्ष 2022 में टीबी की पुष्टि के बाद बीमारी से ज्यादा अपनों के बदले व्यवहार ने उन्हें तोड़ दिया। इलाज का खर्च उठाने के लिए पति को बाहर काम पर जाना पड़ा और मास्क पहनने की जानकारी फैलते ही परिवार व पड़ोसियों ने दूरी बना ली। बच्चों को पास आने से रोका गया और सामाजिक बदनामी के डर से मायके जाना भी टाल दिया गया। रूबी बताती हैं कि उस समय वे गहरे अकेलेपन से गुजरीं। उन्होंने अपनी थाली अलग कर ली थी और अक्सर पति से घर लौटने की गुहार लगाती थीं। नौ महीने के उपचार के बाद अब वे स्वस्थ हैं और वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के साथ जुड़कर अन्य महिलाओं को जागरूक कर रही हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा बताते हैं कि टीबी से जुड़ा भेदभाव महिला और पुरुष दोनों को प्रभावित करता है, लेकिन महिलाओं का दायरा अक्सर परिवार तक सीमित होने से उनके लिए समय पर जांच और इलाज कराना अधिक कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी हाथ मिलाने, साथ बैठने या बर्तन साझा करने से नहीं, बल्कि खांसने–छींकने से फैलती है। इसलिए मरीज को मास्क पहनने, घर में हवा का आवागमन बनाए रखने और दवा नियमित लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सामान्य व्यवहार, पौष्टिक भोजन और भावनात्मक सहयोग मरीज की जल्दी रिकवरी में मदद करते हैं। सीएमओ डॉ संजय कुमार ने कहा कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है और सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच व उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। इसलिए महिला मरीजों के प्रति परिवार और समाज को संवेदनशील सहयोग दिखाना बेहद जरूरी है।

# सशस्त्र सीमा बल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सा शिविर का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 42 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के प्रांगण में एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य वाहिनी में कार्यरत कार्मिकों तथा उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में जनपद के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। राजकीय मेडिकल कॉलेज से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि वर्मा ने महिलाओं की समस्याओं की जांच कर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई, वहीं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. कुरेल ने बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण संबंधी परामर्श दिए। दंत चिकित्सक डॉ. सुधीर चौधरी (चौधरी डेंटल क्लिनिक, नानपारा) ने दांतों की देखभाल के तरीके बताए और डॉ. संतोष यादव (सीएचसी नानपारा) ने सामान्य बीमारियों से बचाव के उपाय सुझाए। इस चिकित्सा शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप एवं शुगर की




जांच, महिला रोग, बाल रोग, दंत रोग से संबंधित परीक्षण शामिल थे। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उनके स्वास्थ्य के अनुरूप परामर्श दिया गया तथा आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया तथा उनके योगदान की सराहना की गई। इस सफल आयोजन ने यह सिद्ध किया कि सामूहिक प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाया जा सकता है। भविष्य में भी इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# दस अप्रैल को जारी होगी मतदाता सूची

## – कलेक्ट्रेट में 11 बजे होगी अहम बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन के तहत मतदाता सूचियों की एक प्रति सॉट कॉपी तथा एक प्रति हार्ड कॉपी में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर बैठक 10 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। निर्देशों के अनुपालन में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूचियों की सॉट एवं हार्ड कॉपी का एक–एक सेट उपलब्ध कराया जाएगा। सभी संबंधितों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधि.त प्रतिनिधि को अधिकार पत्र सहित भेजकर मतदाता सूची प्राप्त करें तथा निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करें।

# पेंशन योजनाओं में बड़ा बदलाव

## – आधार कार्ड अब आयु प्रमाण मान्य नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में आयु के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड की मान्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। शासनादेश संख्या–391 12 मार्च तथा निदेशक, समाज कल्याण उत्तर प्रदेश के पत्रों के क्रम में यह निर्णय लागू किया गया है। अब इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन करते समय आयु प्रमाण के रूप में केवल परिवारध्कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति एवं शैक्षिक अर्हता से संबंधित प्रमाण–पत्र (जिसमें जन्मतिथि अंकित हो) ही मान्य होंगे। ऑनलाइन आवेदन के दौरान मृतक अथवा आवेदक की आयु के लिए इन्हीं दस्तावेजों को स्वीकार किया जाएगा। आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा। इसके अलावा, प्रतीक्षा सूची में शामिल ऐसे आवेदक जिन्होंने आयु प्रमाण के रूप में केवल आधार कार्ड अपलोड किया है, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल पोर्टल पर अनुमन्य अभिलेख अपलोड करें। अन्यथा उनका आवेदन आगे की प्रक्रिया के लिए अग्रसारित नहीं किया जा सकेगा।

# भरथना रेलवे क्रॉसिंग होगी बंद, बनेगी नई सड़क

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। कस्बा भरथना में निर्मित उपरिगामी सेतु के निर्माण के बाद क्रॉसिंग संख्या–20 को बंद किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग को संयुक्त रूप से समाधान निकालने के निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी को संबंधित क्षेत्र की सूची तैयार करने के लिए कहा गया। सिंचाई विभाग को आवश्यक कार्रवाई करते हुए आसपास बने मकानों को नोटिस देने के निर्देश भी दिए गए। निर्देशित किया गया कि यादव नगर मोहल्ला से पाली बंबा चौराहा तक अतिक्रमण हटाया जाए तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कराया जाए। यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है और क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए इसे बंद करना आवश्यक बताया गया। प्रशासन द्वारा 39 प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर उन्हें स्थल खाली करने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही सिंचाई विभाग को न्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भरथना काव्या सी, क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य, चेयरमैन भरथना, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# जमीनी विवाद को लेकर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर आठ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व शांति व्यवस्था कायम रखने व शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियो की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 शिवेश कुमार शुक्ला मय पुलिस बल के द्वारा कस्बा बाबागंज में आने जाने वाले व्यक्तियों से जबरन वाद विवाद, शोर शराबा कर आमदा फौजदारी होने तथा लोक शांति व्यवस्था भंग करने पर 05 व्यक्तियों को तथा उ0नि0 जितेश कुमार सिंह मय पुलिस बल के ग्राम निबिया दा0 सहजना में सगे भाईयों के मध्य जमीनी विवाद को आपस में लड़ने झगड़ने को लेकर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर अभियोग पंजी.त करते हुए 03 लोगो को आज 07 अप्रैल अन्तर्गत धारा 170 बीएनएस नियमानुसार कारण गिरतारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरतारशुदा के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर संबंधित न्यायालय नानपारा पेशी हेतु रवाना किया गया।




# डीएम को ज्ञापन सौंपकर प्रधानों का अल्टीमेटम

## – मनरेगा बकाया भुगतान व समय से पंचायत चुनाव की उठाई पुरजोर मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। जनपद के ग्राम प्रधानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। प्रधानों का कहना है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कराए गए कार्यों का करोड़ों रुपये का भुगतान लंबे समय से लंबित है। भुगतान न मिलने के कारण संबंधित फर्मों और सप्लायरों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है, जिससे प्रधानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। प्रधानों ने बताया कि उनका कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। यदि इससे पहले बकाया भुगतान नहीं हुआ तो सप्लायरों और प्रधानों के बीच गंभीर आर्थिक संकट और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए कहा गया कि पंचायत चुनावों में आरक्षण लागू करने के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है। प्रधानों ने मांग की कि इसी प्रक्रिया को पूरा करते हुए पंचायत चुनाव समय से कराए जाएं। पंचायत विकास मंच की ओर से यह भी मांग रखी गई कि यदि किसी कारणवश चुनाव समय पर कराना संभव न हो, तो वर्तमान निर्वाचित जनपद प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए और किसी भी स्थिति में बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति न की जाए। ज्ञापन सौंपते समय सरकार से इस विषय पर सकारात्मक और व्यावहारिक निर्णय लेने की अपील की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष भगवानदीन मिश्रा, राम सुंदर पांडे, बल्लू सिंह, गुलाम वारिस सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## दिव्यांग व्यक्ति का वाहन पंजीकरण लंबित, शीघ्र कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एक दिव्यांग व्यक्ति ने अपने चार पहिया वाहन के पंजीकरण में हो रही देरी को लेकर जिला प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। मामला थाना कल्याणपुर क्षेत्र के ग्राम चन्दनपुर गुनैर निवासी लल्लन सिंह का है, जो स्थायी रूप से लोकोमोटर दिव्यांग हैं। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने जनवरी माह में सरकार की दिव्यांग योजना के तहत एक चार पहिया वाहन खरीदा था। उन्होंने वाहन के पंजीकरण के लिए फरवरी माह में आरटीओ कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए थे। पीड़ित के अनुसार, कई बार कार्यालय जाकर अनुरोध करने और ईमेल के माध्यम से भी संपर्क करने के बावजूद अब तक वाहन का पंजीकरण नहीं किया गया है। इस बीच वाहन का अस्थायी पंजीकरण भी समाप्त हो चुका है, जिसके चलते वाहन का उपयोग अवैध हो गया है। लल्लन सिंह ने बताया कि दिव्यांग होने के कारण उनके लिए वाहन अत्यंत आवश्यक है, लेकिन पंजीकरण न होने से वे दैनिक कार्यों के लिए आने–जाने में असमर्थ हो रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी और एआरटीओ प्रशासन से अपील की है कि उनकी स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रभाव से वाहन का पंजीकरण कराया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### अदालती नोटिस

(आदेश 9 नियम कायदा (2))

न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी (सी0डि0), फतेहपुर

नं0मु0– 55 सन् 2020 ई०

मुनेश कुमार गुप्ता उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र स्व0 दिवाकर प्रसाद निवासी ग्राम रज्जीपुर छिवलहा जिला फतेहपुर।

....बनाम...........

1.गोपाल दीक्षित उम्र लगभग 57 वर्ष पुत्र स्व0 जग्गनाथ निवासी चंदियाना फतेहपुर।

2.विनोद श्रीवास्तव उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र राधे श्रीवास्तव निवासी चंदियाना फतेहपुर।

3.गिरधर लाला उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र नानिक प्रसाद निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर।

4.सचिन श्रीवास्तव उम्र लगभग 36 वर्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी चंदियाना फतेहपुर।

5.सितांशू त्रिपाठी उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर।

6.ऋषीकांत उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र मानू बाबू निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर।

7.पप्पू गुप्ता उम्र लगभग 48 वर्ष राधे गुप्ता निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर।

8.रमेश खत्री उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र लल्लू खत्री निवासी मोहल्ला चंदियाना फतेहपुर।

.........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 05 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी (सी0डि0) फतेहपुर।

### अदालती नोटिस

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मलमुआ दिवानी सन 1907)

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

मु0 नं0–285 सन् 2012 ई०

महेश तिवारी पुत्र सूरजनाथ, निवासी ग्राम बनरसी, परगना अयाहशाह तहसील व जिला फतेहपुर हालमुकाम 232, हरिहरगंज आनन्दपुरम कालोनी शहर व जिला फतेहपुर।

.........वादी

बनाम

सुरेश मिश्रा पुत्र रामशंकर मिश्रा निवासी कमासी पोस्ट बसन्तखेड़ा परगना कोड़ा जिला फतेहपुर।

.........विपक्षी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 06 माह 04 सन 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

# गुरु तेग बहादुर प्रकाशोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## - कीर्तन, प्रवचन और लंगर में दिखी एकता व सेवा भावना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। त्याग, करुणा और प्रेम के प्रतीक नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर साहिब का प्रकाशोत्सव गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रकाशोत्सव को लेकर तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। कार्यक्रम के अंतर्गत शबद कीर्तन का आयोजन किया गया और 34 परिवारों द्वारा दिसंबर में प्रारंभ किए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ का समापन भी इसी अवसर पर हुआ। मंगलवार को गुरुपर्व के अवसर पर सुबह से ही गुरुद्वारा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं, बच्चों सहित सभी समुदायों के लोगों ने पहुंचकर माथा टेका और आपसी भाईचारे व एकता का संदेश दिया। गुरुद्वारा कमेटी श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गुरमति प्रचार सभा इटावा के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब साहस, त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए कार्य किया और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा दी। उनके आदर्श आज भी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया और समाज से जात–पात, छुआछूत, अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी भाई गुरदयाल सिंह व अन्य विद्वानों ने कीर्तन और प्रवचनों के माध्यम से संगत को निहाल किया। बच्चों के समूह द्वारा प्रस्तुत गुरबाणी गायन ने सभी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब का संदेश समस्त विश्व के कल्याण के लिए है और सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। गुरुद्वारा परिसर में पालकी साहिब के सामने फूलों से की गई आकर्षक सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र



रही। दीवान समाप्ति के बाद विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा एवं कमेटी के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं, सहज पाठ कराने वाले परिवारों, लंगर सेवा में सहयोग देने वाले परिवारों एवं संगत का आभार व्यक्त करते हुए सभी को गुरुपर्व की बधाई दी।

# दूरदर्शी नेतृत्व से संयुक्त प्रेस क्लब ने रचा नया इतिहास

## - कलम को मिली नई ताकत, बदली पत्रकारिता की तस्वीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नेतृत्व यदि ईमानदार और दूरदर्शी हो तो पत्रकारिता न केवल समाज का दर्पण बनती है, बल्कि समाज के सुधार का मार्ग भी प्रशस्त करती है। संयुक्त प्रेस क्लब ने इसी सोच के साथ जिले में पत्रकारिता को नई दिशा देने का कार्य किया है। किसी भी संस्था की मजबूती उसकी



नीतियों पर निर्भर करती है, लेकिन उसे ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम नेतृत्व करता है। संयुक्त प्रेस क्लब के पीछे अध्यक्ष राजेंद्र भसीन की दूरदर्शिता और महामंत्री सुधीर मिश्रा की सक्रियता का विशेष योगदान रहा है। प्रचार मंत्री नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि हौसलों के दम पर इन दोनों व्यक्तित्वों ने न केवल पत्रकारों के हितों की रक्षा की है, बल्कि जिले में पत्रकारिता के गिरते स्तर के बीच एक आदर्श मानक स्थापित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ा होना, क्लब की बड़ी उपलब्धि है। संयुक्त प्रेस क्लब ने नैतिक पत्रकारिता को प्राथमिकता देते हुए सत्यता और निष्पक्षता को मजबूत किया है। साथ ही संस्था ने समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनने का भी प्रयास किया है, जिससे पत्रकारिता को नई पहचान मिली है। राजेंद्र भसीन के अनुभव और सुधीर मिश्रा की कार्यकुशलता का संगम इटावा के पत्रकारिता जगत में नई ऊर्जा भर रहा है। उनके नेतृत्व में क्लब ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत और ईमानदार नेतृत्व से सकारात्मक बदलाव संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह तो केवल शुरुआत है और आने वाले समय में संयुक्त प्रेस क्लब नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# सीएम आवास योजना ग्रामीण में पारदर्शिता हेतु नई पहल शुरू

## - 15 अप्रैल के पूर्व बीडीओ से मांग पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक ने बताया कि आयुक्त के निर्देश पर वर्ष 2026–27 के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में लाभार्थियों का चयन 15 अप्रैल तक पूरा करके मांग पत्र प्रेषित किया जाना है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु नई पहल आरम्भ की जा रही है। माह अप्रैल में ही शासन द्वारा लक्ष्य आवंटन जारी कर दिया जायेगा। आवास आवंटन में महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। मुख्यमंत्री आवास में पति के मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला की उम्र सीमा पहले 18 से 40 वर्ष रखी गयी थी जिसे बाद में बढ़ाकर शासन द्वारा 18 से 50 वर्ष कर दी गयी है। जनपद में पति के मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं की सूची सभी खण्ड विकास अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कर दी गयी है कि ग्रामीण क्षेत्र की विधवा पेंशन के लाभार्थियों की मुख्यमंत्री आवास योजना के मानक के अनुसार पात्रता की जांच करायी जाये। पात्र लाभार्थियों का मांग पत्र उपलब्ध कराया जाये। पात्रता की जांच के समय उम्र का सत्यापन भी कर लिया जाये। इसी प्रकार दिव्यांग, दैवीय आपदा, कुष्ठरोगी, पछइंया लोहार श्रेणी के मुख्यमंत्री आवास योजना में पात्र परिवारों का चयन और पात्रता का परीक्षण करते हुए 15 अप्रैल के पूर्व मे खण्ड विकास अधिकारियों से मांग पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। उक्त श्रेणी में मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास हेतु पात्र परिवार अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय मे दे सकते हैं। जनपद स्तर पर ग्राम्य विकास अभिकरण के हेल्पलाइन नम्बर 05180–298203 पर भी पात्रता के सम्बन्ध में आवेदन कर सकते हैं।

# श्री बांके बिहारी मंदिर में 19 से 23 तक होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## - तैयारियों को लेकर समिति ने की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सिद्धपीठ श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर शांतीनगर में आगामी 19 से 23 अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर सेवा समिति ने बैठक की। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह धार्मिक आयोजन भगवान श्री बांके बिहारी के सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य समस्त सेवादार प्रदीप गर्ग, सुशील मिश्रा एडवोकेट, मनीष गुप्ता एडवोकेट, हरिओम रस्तोगी को जिम्मेदारी दी गई। वहीं अमित शिवहरे, अभिनव यादव, कविता रस्तोगी, मनोज घायल, रवि तिवारी, रिकी सरदार, धर्मेंद्र द्विवेदी, राजीव गुप्ता, विनय तिवारी, मन्नत द्विवेदी, सरोज मौर्य, कल्पना सिंह, रागिनी सिंह, बबला सोनी, अमित सोनी, सुमित द्विवेदी, संदीप मिश्रा, रमाकांत तिवारी, संजीव चौरसिया, विनोद यादव, रवि तिवारी, शालिनी गुप्ता, मनीष गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, सूर्य प्रकाश मिश्रा, अभय गुप्ता, शिव प्रसाद मामा, संगीता द्विवेदी, अशोक यादव, विनोद गौतम सहित कई कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह आयोजन पूरी तरह भव्य और व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य जजमान के रूप में मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनये कुमार की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 19 अप्रैल को जल यात्रा एवं पंचांग पूजन, 20 और 21 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, 22 अप्रैल को मूर्ति स्थापना एवं नगर भ्रमण तथा 23 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बांके बिहारी मंदिर सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करें।

# अपना दल एस ने बैठक कर कई मुद्दों पर की चर्चा

## - एससी एसटी मंच की कार्यकारिणी घोषित

न्यूज वाणी ब्यूर्रो

फतेहपुर। अपना दल एस की बैठक पार्टी कार्यालय पटेलनगर में आयोजित हुई। जिसमें कई मुद्दों पर जहां चर्चा कर समीक्षा की गई वहीं एससी एसटी मंच की कार्यकारिणी घोषित कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल ने की। संचालन जिला महासचिव अरून पटेल ने किया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष के कामों की समीक्षा, जिला कार्यकारिणी के गठन एवं समीक्षा, विधानसभावार जोन अध्यक्षों का गठन, चौदह अप्रैल को डा0 भीमराव अंबेडकर जयंती, प्रत्येक जनपद में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के आगमन, राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन को जिला स्तर पर मनाए जाने, चुनाव प्रचार एवं संगठन विस्तार के साथ ही ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों की समीक्षा की गई। इसके अलावा एससी एसटी मंच की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें शिव प्रकाश रावत जिलाध्यक्ष, राज बहादुर पासवान विधानसभा उपाध्यक्ष बिन्दकी, अंकित पासवान जोन अध्यक्ष तेलियानी, कप्तान



सिंह विधानसभा अध्यक्ष अयाह शाह, शुभम पटेल बूथ अध्यक्ष विधानसभा बिन्दकी, सुनील पटेल विधानसभा अयाहशाह, सुरेन्द्र सिंह यादव विधानसभा उपाध्यक्ष अयाह शाह, रामू जोन अध्यक्ष पश्चिमी अयाह शाह बनाए गए। इस मौके पर बृजेश पाल, पदम सिंह पटेल, गोवर्धन पटेल, योगेन्द्र प्रताप सिंह, कप्तान सिंह, विपिन कौशल, शिवशरन निषाद, विजय पाल सिंह, दीपू पटेल, मो0 उसमान, हेमन्त पटेल, राजेश पटेल, लईक अहमद, सूरजभान, नीरज साहू, राम किशोर, पंकज पटेल, राम किशोर, रामसवेक, रवि साहू, कान्ती कुशवाहा, सोनी श्रीवास्तव, सुमन मौर्या, रानी पटेल, राजकुमार उमराव आदि रहे।

# वैश्य एकता परिषद के संरक्षक की मनाई पुण्यतिथि

## - मूर्ति स्थल पर माल्यार्पण कर आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के संरक्षक समाजसेवी स्व0 राम औतार गुप्त की 30 वीं पुण्यतिथि राधानगर चौराहे स्थित मूर्तिस्थल पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। राधानगर चौराहे स्थित स्व0 रामऔतार गुप्त की मूर्ति पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व न्यायमंत्री बाबू राधेश्याम गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद चेयरमैन राजकुमार मौर्य सहित समाज के लोगों के साथ परिवारीजनों ने मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया एवं उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व न्यायमंत्री राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि रामऔतार गुप्ता व्यापारी होने के साथ साथ सामाजिक क्षेत्रों में भी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तन ने कहा कि वैश्य समाज को एकजुट करने में राम औतार के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि आज रामऔतार की पुण्य तिथि पर हमको संकल्प लेना होगा कि हम सभी उनके आदर्शों पर चल कर उनके संकल्प को पूरा करें। परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्त ने कहा कि स्व. राम अवतार ने सदैव संगठन हेतु प्रयासरत रहते हुए वैश्य समाज को संगठित करने का कार्य किया। इस अवसर पर अरूण जायसवाल, महेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र शरन सिंपल, डा0 दीपक गुप्ता, डा0 अनिल चन्द्रा, संजीव गुप्ता, राजीव गुप्ता, साकेत गुप्ता, गौरव गुप्त, आनंद रस्तोगी, चन्द्रप्रकाश गुप्त जनसेवक, प्रेमचंद गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सभासद, दिनेश तिवारी खलीफा, अरूण यादव, सुरेश गुप्ता, गुरू शरन गुप्त, मनीष गुप्त, नारायण गुप्त, चंदन सिंह, बद्री गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, दिनेश शर्मा, बुद्वराज धाकडी, मोनू रस्तोगी, पवन, अशोक गुप्त, लवकुश गुप्त आदि रहे।

### अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मलमूआ जाब्ता दिवानी सन 1907)

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) जनपद फतेहपुर

नं0 मु0–08 सन् 2025 ई०

जागेश्वर उर्फ भूरा आयु 64 वर्ष पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम पुरबुजुर्ग, परगना हसवां पोस्ट मनावा तहसील व जिला फतेहपुर।

.........वादी

बनाम

रामकृपाल उम्र करीब 70 वर्ष सूरजपाल निवासी ग्राम पुरबुजुर्ग, परगना हसवां, पोस्ट मनावां, तहसील व जिला फतेहपुर।

.........प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 13 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 06 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) जनपद फतेहपुर।

### अदालती नोटिस

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

नं0 मु0–104 सन् 2024 ई०

डा. भीमराव अम्बेडकार आदि बनाम बौद्धप्रिय गौतम आदि

विपक्षी सं0 2 वीरेन्द्र कुमार पटेल उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र गौरीशंकर हालमुकाम निवासी मोहल्ला रानी कालोनी, शहर, परगना तहसील व जिला फतेहपुर।

हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 05 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।







### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आर्मी में हूँ। मेरा आर्मी न0 160125551 ए एक्स हवलदार है। मेरे विभाग की सर्विस बुक में मेरी पत्नी शबनम की जन्मतिथि 10.11.1988 दर्ज है। जबकि वास्तविक जन्मतिथि 18.03.1992 है जो सही है और सभी शैक्षिक अभिलेखो में अंकित है इसलिये मेरी सर्विस बुक में सही जन्मतिथि 18.03.1992 अंकित किया जाना आवश्यक है।

शौकत अली पुत्र जहूर अहमद निवासी मोहल्ला अमरजई नवइया तालाब तहसील व जिला फतेहपुर उ0प्र0

### Notice

It is hereby notified to the general public that I am serving in the Army. My Army Number is 160125551 AX, and I hold the rank of Havildar. In the Service Book maintained by my department, my wife Shabnam's date of birth is recorded as 10.11.1988. however, her actual date of birth is 18.03.1992 which is the correct date and is duly recorded in all her educational records. Therefore, it is essential that the correct date of birth, 18.03.1992, be entered in my Service Book.

Shaukat Ali, Son of Zahoor Ahmed, Resident of Mohalla Amarjai, Navaiya Talab, Tehsil & District Fatehpur, Uttar Pradesh.

# लिंग के अनुसार न करें भेदभाव, सोंच बदलने की जरूरत : डीएम

## - मिशन शक्तिअभियान फेज 5.0 से संबंधित प्रेक्षागृह में हुआ कार्यक्रम

## - डीएम व एसपी ने दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साइकिल व बच्चों को बांटी एमआर किट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत सांस्तिक कार्यक्रम एवं नारी सम्मान समारोह का कार्यक्रम जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति में सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। डीएम व एसपी ने दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके शुभारंभ किया। स्कूली छात्राओं ने संस्तिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति के साथ नारी शक्ति का आकर्शक प्रदर्शन किया। डीएम श्री सिंह ने कहा कि शासन के मंशानुरूप नवरात्रि से मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान एवं स्वालंबन व सशक्तिकरण करना है। महिला सशक्तिकरण से ही पूरे समाज का विकास संभव है। समाज में लिंग के अनुसार भेदभाव नहीं करना चाहिए जबकि समाज में काफी बदलाव हुआ है और लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। विद्यालयों के शिक्षकों से कहा कि बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दे जो सही मायने में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम होगा। एसपी श्री मांगलिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति का यह पांचवां चरण चल रहा है। जनपद में महिलाओं के सुगमता के लिए हर थाने में एक मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। जिसमें महिला पुलिस कर्मी 24 घंटे तैनात रहती है जो महिलाएं थाने में जाती हैं। उनकी बात सुगमता से सुनी जाती है और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं हम सबको अपने फेमिली का हिस्सा समझे और बिना हिचकिचाए अपनी बात सुगमता से हम तक पहुंचाए। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, 112 साइबर से संबंधित 1930, आदि टोल फ्री नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। डीएम–एसपी ने दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साईकिल एवं मानसिक दिव्यांग बच्चों को एमआर किट का वितरण किया गया। एसपी ने डीएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, भारी संख्या में महिलाए, छात्राएं सहित संबंधित उपस्थित रहे।



# सरकार आफताबी पीर का साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने किया सम्मान

## - देश के हित में अमन-चौन और तरक्की की दुआ में शामिल हुए जायरीन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में आध्यात्मिक माहौल उस समय देखने को मिला जब मुंबई से पधारे प्रसिद्ध सूफी संत सरकार आफताबी पीर का साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के पदाधिकारियों द्वारा भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर आस्था और श्रद्धा से जुड़े बड़ी संख्या में जायरीन भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने हक में दुआ कराई और मुल्क की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह एवं जिला सचिव धीर सिंह यादव ने सरकार आफताबी पीर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सूफी संत समाज में भाईचारा, प्रेम और इंसानियत का संदेश देने का कार्य करते हैं, जो आज के समय में बेहद जरूरी है। मुंबई से फतेहपुर पहुंचे सरकार आफताबी पीर के आगमन पर जायरीनों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने बड़ी आस्था के साथ उनसे मुलाकात कर अपने और अपने परिवार के लिए दुआ कराई। इस दौरान देश में अमन–चौन, आपसी भाईचारा और तरक्की के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरान साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने सरकार आफताबी पीर से धार्मिक, सामाजिक एवं भविष्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से संवाद किया। बातचीत में समाज में बढ़ती दूरियों को खत्म कर आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सरकार आफताबी पीर ने अपने संदेश में कहा कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है और हर व्यक्ति को प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना के साथ जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब समाज में एकता और सद्भाव रहेगा, तभी देश तरक्की करेगा। यह आयोजन केवल सम्मान का कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बना, जहां सभी ने मिलकर देश और समाज के बेहतर भविष्य की कामना की। इस अवसर पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान, व्यापार मंडल के युवा नगर उपाध्यक्ष महताब आलम, मोहम्मद आसिफ, अनीस खान, आसिफ गुड्डू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और अंत में एक–दूसरे के लिए भलाई और खुशहाली की दुआ की।



# अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के जोशियाना मुहल्ला निवासी निजाम का 43 वर्षीय पुत्र रिजवान मंगलवार की सुबह बाइक से ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा जा रहा था। जैसे ही वह कलक्टरगंज मिशन अस्पताल के सामने पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उधर किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर अमनी गांव निवासी करन का 18 वर्षीय पुत्र कमल बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव से बाहर निकला तभी अचानक सड़क पार कर रही नीलगाय से बाइक टकरा जाने पर घायल हो गया। उधर गाजीपुर थाना क्षेत्र के मवइया गांव निवासी स्व0 बचानी का 65 वर्षीय पुत्र राम प्रसाद बाइक से सामान लेने जा रहा था जब वह गम्हरी गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पूरेमीतन गांव निवासी रामलाल का 28 वर्षीय पुत्र सुरजीत बाइक में बरसीन लेकर आ रहा था तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# ऑपरेशन कन्विक्शन : हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। हत्या के एक चर्चित मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 125000 रूपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। बताते चलें कि थाना राधानगर क्षेत्र में वर्ष 2023 में दर्ज मुकदमे में विजयपाल ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त महेश सिंह और राजन सोनकर ने उसके भाई शत्रुधन को बहाने से बुलाकर मोदी ग्राउंड ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए धारा 302, 394, 120बी व 411 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत इस प्रकरण की लगातार मॉनिटरिंग की गई। वैज्ञानिक विवेचना, मजबूत साक्ष्य संकलन और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या–02 ने सुनवाई के बाद दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 125000 का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इस सफलता में मॉनिटरिंग सेल, थाना राधानगर पुलिस टीम और एडीजीसी अजय कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# संदिग्ध हालत में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंदपुर इस्कुरी में मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार नंदपुर इस्कुरी गांव निवासी संतोष कुमार की पुत्री प्रभा देवी ने मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेतों में काम करने चले गए थे। जानकारी होने पर परिजन रोते–बिलखते मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में आए परिजनों ने बताया कि चार माह पूर्व थरियांव कस्बा निवासी छोटू विश्वकर्मा पुत्र जितेन्द्र उसकी पुत्री को भगा ले गया था। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई और एक सप्ताह बाद पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया था। पिता ने बताया कि सोमवार की शाम छोटू का फोन आया और धमकी दी कि अगर शादी नहीं तो जिंदगी बर्बाद कर देंगे। इसी बात से क्षुब्ध होकर पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# मां-बाप के झगड़ों से तंग किशोरी ने खाया जहर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। रोज–रोज मां–बाप के झगड़े से तंग आकर 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के रेल बाजार निवासी विनोद की पुत्री काजल ने मां–बाप के झगड़े से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि पिता शराब के नशे में रहता है और प्रतिदिन पत्नी से झगड़ा करता था। इसी को देखते हुए किशोरी ने अपनी जिंदगी खत्म करने की गरज से जहर खा लिया।

# लखनऊ के स्वर्णकार सम्मेलन में जिले से जाएंगे सैकड़ों लोग

## - स्वर्णकार संघ की बैठक में लिया निर्णय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ की एक बैठक कैंप कार्यालय चौक में आहूत की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 11 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित होने वाले विशाल स्वर्णकार सम्मेलन की तैयारी को लेकर था। बैठक की अध्यक्षता स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी और संचालन अनिल वर्मा ने किया ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने बताया कि लखनऊ कार्यक्रम में जनपद से एक बस व लगभग दस चार पहिया वाहनों में एक सैकड़ा स्वर्णकार समाज के लोग प्रतिभाग करेंगे। लखनऊ में आयोजित होने वाला सम्मेलन मात्र सम्मेलन न होकर स्वर्णकार समाज की अपनी राजनीतिक भागीदारी हासिल करना है। जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर आज तक किसी भी राजनीतिक दल ने स्वर्णकार समाज को कभी भी सम्मान देने का काम नहीं किया है जबकि स्वर्णकार समाज हमेशा से सभी चुनावों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं और तमाम राजनीतिक दलों में लगातार काम करते आ रहे हैं परंतु जब विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव आते हैं तो स्वर्णकार समाज के व्यक्ति को केवल इस्तेमाल किया जाता है और उनको कभी भी चुनाव लड़ने का अवसर नहीं दिया जाता है। संचालन करते हुए अनिल वर्मा ने कहा कि अब स्वर्णकार समाज जाग चुका है। अब वह अपना हक और अधिकार लेकर रहेगा। पूरे प्रदेश के राजनेताओं और तमाम राजनैतिक दलों को अपनी ताकत एहसास करने के लिए 11 तारीख को लखनऊ में समाज का स्वर्णकार सम्मेलन होगा जिसमें पूरे प्रदेश के समस्त 75 जनपदों से लगभग दस से पंद्रह हजार की संख्या में स्वर्णकार समाज लोग प्रतिभाग करेंगे। बैठक में संजय जौहरी, रामसागर सोनी, मुन्नालाल सर्राफ, राकेश सभासद, राजेंद्र सर्राफ, पप्पू, पिंटू, मनीष, मयंक, विनोद सोनी, मोनू, अमित, दीपक सोनी बबला, विष्णु, हरिओम, पवन, ननकऊ सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंकार समाज के लोग रहे।



# एसपी ने कार्यालय में सुनीं जनता की समस्याएं

## - त्वरित निस्तारण करने के दिए सख्त निर्देश

अभिनन्दन मोर्चा

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस कार्यालय में आम जनता की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक समाधान पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने भी जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उनके समाधान में तेजी लाने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है। कोई भी शिकायत लंबित न रहे, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता को नियमित फीडबैक दें और समस्या का समाधान होने तक फॉलो–अप करें। यह कार्यक्रम पुलिस कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं जैसे थाने में लंबित मामलों, सुरक्षा संबंधी मुद्दों और अन्य शिकायतों को रखा। एसपी ने हर शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए। अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने भी कहा कि जनता का विश्वास पुलिस पर बना रहे, इसके लिए हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।




# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सास बहू बेटा सम्मेलन का किया गया आयोजन

## - विधायक राजेंद्र सिंह पटेल व विधायक जयकुमार सिंह जैकी रहे मौजूद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सास बहू बेटा सम्मेलन का किया गया आयोजन। कार्यक्रम में मौजूद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल तथा विधायक जयकुमार सिंह जैकी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इश्तियाक अहमद एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र उत्तम आदि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर कहा गया कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं और कहां गया कि डॉक्टर के साथ–साथ स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि उनके कड़ी मेहनत का परिणाम ही रहता है कि बीमार व्यक्ति स्वस्थ होता है। जानकारी के अनुसार खजुहा कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार की दोपहर करीब 12रू00 बजे से सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल तथा बिंदकी क्षेत्र के विधायक जयकुमार सिंह जैकी मौजूद रहे। इस मौके पर जहानाबाद क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप माने जाते हैं। इसलिए चिकित्सकों तथा चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी कर्मचारियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सास बहू बेटा सम्मेलन के माध्यम से जागरूकता फैलाने का काम किया जाता है। जिसके माध्यम से परिवार खुशहाल रहता है। इस मौके पर बिंदकी क्षेत्र के विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने कहा कि सास बहू बेटा सम्मेलन का उद्देश्य है कि तीनों लोग घरों में बेहतर संवाद स्थापित परिवार को सुख समृद्धि की ओर ले जाने का काम करें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इश्तियाक अहमद ने कहा कि आशा बहू जब प्रसव पीड़िता को सरकारी अस्पताल लाती हैं तो उन्हें ठहरने में असुविधा होती है इसलिए प्रयास किया जाएगा की आशा बहू को ठीक से रहने की व्यवस्था हो सके। इस मौके पर खजुहा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र उत्तम ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता फैलती है। इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने विधायक राजेंद्र सिंह पटेल विधायक जयकुमार सिंह जैकी, ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र उत्तम तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इश्तियाक अहमद के अलावा चिकित्सकों तथा अन्य लोगों को शाल पहना कर तथा पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवाइयां दी जाती है। इस मौके पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे कहां गया कि सरकारी अस्पतालों में निशुल्क प्रशिक्षण तथा उपचार किया जाता है। इस मौके पर एनक्यूएएस एवं कायाकल्प पुरस्कार भी दिया गया।



# हत्या के प्रयास के दो वांछित आरोपी गिरतार

## - पुलिस ने लाठी-डंडा भी किया बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना औंग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के प्रयास, मारपीट और आपराधिक धमकी से जुड़े मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरतार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी और डंडा भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में 6 अप्रैल को थाना औंग पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 26/2026, धारा 126(2)/109/115(2)/352/351(2) बीएनएस से संबंधित दो वांछित आरोपियों को दबोच लिया। गिरतार किए गए अभियुक्तों में दरियापुर निवासी बाबू यादव व नयाखेड़ा निवासी राकेश निषाद शामिल हैं। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को औंग पुल से रानीपुर पुल की ओर जाने वाली सड़क से गिरतार किया। गिरतारी के दौरान उनके पास से घटना में प्रयुक्त एक लाठी और एक डंडा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया। कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज यादव, उपनिरीक्षक अभिषेक शुक्ला, उपनिरीक्षक लल्लूराम और कांस्टेबल शुभम यादव की अहम भूमिका रही।



# भूमि पूजन को लेकर बीजेपी व सपा विधायक में नोंक-झोंक

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। खागा से हुसैनगंज को जाने वाली सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ व भूमि पूजन को लेकर दो विधायकों के बीच पूजा में बैठने को लेकर कहासुनी व बहस हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के सामने ही दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच नोंक–झोंक देखने को मिली। बताया जा रहा है पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खागा विधानसभा क्षेत्र से हुसैनगंज के बीच सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें विभाग ने भाजपा की खागा विधायक .ष्णा पासवान और हुसैनगंज विधानसभा की सपा विधायक ऊषा मौर्य को आमंत्रित किया था। इसी बीच सड़क निर्माण के भूमि पूजन का श्रेय लेने की होड़ में बहस हो गई। खागा विधायक .ष्णा पासवान ने कहा कि यह विधानसभा क्षेत्र उनका है। वहीं सपा विधायक ऊषा मौर्य ने कहा कि मुझको बुलाकर अपमानित किया जा रहा है। वहीं कुछ लोग इस परियोजना को अपने प्रयासों का परिणाम बता रहे हैं। इस दौरान कुछ समय के लिए कार्यक्रम बाधित रहा। मामले को शांत कराकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।



# प्रशासन ने रुकवाया अवैध कब्जा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर पंचायत क्षेत्र के नौबस्ता रोड नहर के बगल में स्थित सरकारी गौचर जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण की सूचना पर खागा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय, राजस्व टीम में नायब तहसीलदार अरविंद कुमार व पुलिस बल के साथ पहुंच कर निर्माण कार्य को रुकवाते हुए नाप करवाई। इसी गौचर जमीन को पूर्व में रहे अधिशाषी अधिकारी ने इस पर मिट्टी की पुराई करवाकर पेड़ आदि लगवाकर पार्क बनवाया था। अवैध निर्माण की सूचना पर नगर पंचायत व राजस्व विभाग के पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण करते हुए काम रुकवाया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )